चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 142, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 20 जून 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार देने पर विवाद

## यह गोडसे को सम्मान देने जैसाः जयराम रमेश, राहुल के सलाहकार से यही उम्मीदः भाजपा

**गोरखपुरः केंद्र** सरकार ने 2021 का गांधी शांति पुरस्कार गीता प्रेस (गोरखपुर) को देने की घोषणा की है। इस पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोमवार को ट्वीट कर कहा- केंद्र सरकार का यह फैसला सावरकर और नाथूराम गोडसे को सम्मान देने जैसा है।

**पहले जयराम रमेश का पूरा ट्वीट पढ़िए...:** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, '2021 के लिए गांधी शांति पुरस्कार गोरखपुर में गीता प्रेस को दिया गया है, जो इस साल अपने 100 साल पूरे कर रही है। राइटर अक्षय मुकुल ने 2015 में गीता प्रेस पर एक बहुत बेहतरीन बायोग्राफी लिखी है, जिसमें इस संगठन के महात्मा गांधी के साथ संबंधों और राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक एजेंडे पर उनके साथ चल रही लड़ाइयों का जिक्र है। उन्हें यह पुरस्कार देने का फैसला वास्तव में एक मजाक है। यह सावरकर और गोडसे को पुरस्कार देने जैसा है।'

**भाजपा का जयराम रमेश को जवाबः** जयराम रमेश के बयान पर भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने कहा- ये राहुल गांधी के सलाहकार का बयान है। इनसे उम्मीद भी क्या कर सकते हैं। इन लोगों ने राम मंदिर निर्माण में रोड़े




अटकाए। तीन तलाक कानून का विरोध किया। इससे ज्यादा शर्मनाक और क्या हो सकता है। पूरे देश को इनका विरोध करना चाहिए।

**आरोप लगाने वाले मुस्लिम लीग को सेक्युलर बता रहे थेः** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कांग्रेस महासचिव के बयान पर कहा- गीता प्रेस भारत की संस्कृति और हिंदू मान्यताओं के साथ जुड़ी है। इसके ऊपर आरोप वो लगा रहे हैं, जो कहते थे कि मुस्लिम लीग सेक्युलर थी।

**शाह ने कहा- गीता प्रेस का अतुलनीय योगदानः** गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट कर कहा-भारत की गौरवशाली प्राचीन सनातन संस्कृति और शास्त्रों को आज अगर आसानी से पढ़ा जा सकता है, तो यह गीता प्रेस के अतुलनीय योगदान के कारण है।

### दुनिया के सबसे बड़े प्रकाशकों में से एक है गीता प्रेस

गीता प्रेस की स्थापना 1923 में हुई थी। यह दुनिया के सबसे बड़े प्रकाशकों में से एक है। गीता प्रेस सनातन-धर्म की अब तक 92 करोड़ किताबें छाप चुका है, जो एक रिकॉर्ड है। अकेले इस साल 2 करोड़ 42 लाख किताबें छापी हैं। रामचरितमानस पर राजनीतिक विवाद के बाद से इसकी 50 हजार किताबें ज्यादा बिकी हैं। प्रेस की आय में भी इजाफा हुआ है।

**गीता से प्रेरित होकर सेठ गोयंदका ने 1923 में खोला था प्रेस**

श्रीमद्भगवद्गीता और रामचरितमानस को घर-घर में पहुंचाने का श्रेय भी गीता प्रेस को जाता है। गीता प्रेस के शुरू होने की कहानी बड़ी ही दिलचस्प है। बात 1920 के दशक की है। कलकत्ता के एक मारवाड़ी सेठ जयदयाल गोयंदका रोज गीता पढ़ते थे। 18वें अध्याय में गीता सार के रूप में लिखी एक बात उनके दिल को छू गई। ये बात यह थी, 'जो इस परम रहस्य युक्त गीताशास्त्र को मेरे भक्तों में कहेगा, वह मुझको प्राप्त होगा।' इसी के बाद लोगों के कहने पर गोयंदका ने अपनी व्याख्या को एक प्रेस से छपवाया, लेकिन उसमें भयंकर गलतियां देखकर वे दुखी हो गए। उसी दिन उन्हें प्रेस का ख्याल आया।

## डबल इंजन सरकार से जनता निराश : अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की भूमिका बहुत बड़ी है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने यूपी की जनता को निराश और दुःखी किया है। लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में बहुत बड़ा बदलाव होगा। समाजवादी पार्टी के पास प्रदेश और देश को लेकर विजन है। विकास का माडल है। गरीबों को आगे बढ़ाने का जज्बा है। समाजवादियों ने हमेशा पीड़ितों और गरीबों को न्याय दिलाया है। जनता को समाजवादियों से उम्मीद है। समाजवादी पार्टी अपनी पूरी ताकत के साथ भाजपा को सत्ता से हटाकर उसके अन्याय, अत्याचार खत्म करेगी और जनता की उम्मीदों को पूरा करेगी। विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा के खिलाफ थी। जनता ने भाजपा के विरोध में और समाजवादी पार्टी के पक्ष में वोट किया था लेकिन भाजपा ने प्रशासनिक अधिकारियों और सत्ता का दुरूपयोग करके परिणाम अपने पक्ष में कराया जिससे जनता में भाजपा को लेकर बहुत नाराजगी है।

उत्तर प्रदेश और पूरा देश महंगाई, बेरोजगारी और भाजपा के दुरूपयोग से परेशान और पीड़ित है। यही जनता भाजपा को केन्द्र की सत्ता से बाहर करेगी। अखिलेश यादव ने कहा कि जनता लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को हटाने को तैयार है। जनता भाजपा के खिलाफ वोट करेगी। जो दल भाजपा को हटाना और हराना चाहते है वे बड़े दिल के साथ समाजवादी पार्टी के साथ आयें।

## वियतनाम के रक्षा मंत्री ने राष्ट्रपति से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** वियतनाम के रक्षा मंत्री, जनरल फान वान गियांग ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। जनरल गियांग और उनके प्रतिनिधिमंडल का भारत में स्वागत करते हुए, राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और वियतनाम 2000 से अधिक वर्षों के सभ्यतागत और सांस्कृतिक संबंधों का एक समृद्ध इतिहास साझा करते हैं। उन्होंने कहा कि वियतनाम भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है ।

## रक्षा सहयोगः 'मोदी की अमेरिकी यात्रा अति महत्वपूर्ण'

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने सोमवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बुधवार से होने वाली अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा रक्षा सहयोग, वाणिज्य और निवेश के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि इस दौरान रक्षा उद्योग सहयोग का खाका तैयार हो सकता है। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी की आगामी यात्रा पर दिल्ली में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर व्यापक और गहन चर्चा होगी। भारत और अमेरिका के बीच तकनीकी साझेदारी बहुत समृद्ध है और हम कम्पयूटर चिप्स और अन्य महत्वपूर्ण तकनीकों पर पर्याप्त प्रगति करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 से 25



जून तक अमेरिका और मिस्र की यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार अमेरिका के राष्ट्रपति जो बिडेन और प्रथम महिला डॉ. जिल बिडेन के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका की आधिकारिक राजकीय यात्रा करेंगे। यह यात्रा न्यूयॉर्क में शुरू होगी, जहां प्रधानमंत्री 21 जून को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री वाशिंगटन डीसी की यात्रा करेंगे, जहां 22 जून को व्हाइट हाउस में उनका औपचारिक स्वागत किया जाएगा और वे उच्चस्तरीय संवाद जारी रखने के क्रम में राष्ट्रपति बिडेन से मुलाकात करेंगे। राष्ट्रपति बिडेन और प्रथम महिला डॉ. जिल बिडेन उसी शाम प्रधानमंत्री के सम्मान में राजकीय रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे। प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष केविन मैकार्थी और सीनेट के अध्यक्ष चार्ल्स शूमर सहित कांग्रेस के नेताओं के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री 22 जून को अमेरिकी कांग्रेस की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे। अगले दिन 23 जून को प्रधानमंत्री के लिए उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन संयुक्त रूप से दोपहर के भोजन की मेजबानी करेंगे। आधिकारिक व्यस्तताओं के अलावा प्रधानमंत्री का प्रमुख सीईओ, पेशेवरों और अन्य हितधारकों के साथ कई क्यूरेटेड इंटरेक्शन का कार्यक्रम है। वह प्रवासी भारतीयों से भी मिलेंगे।

## भारत-ब्रिटेन के बीच एफटीए पर दसवें दौर की बातचीत संपन्न

**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर दसवें दौर की बातचीत संपन्न हो गई है। इस मसले पर अगले महीने वार्ता का एक और दौर चलेगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। वाणिज्य मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक भारत और ब्रिटेन ने बीच एफटीए पर दसवें दौर की बातचीत गत 9 जून को संपन्न हो गई। इस दौर में दोनों पक्षों ने 50 सत्रों में 10 नीतिगत



पहलुओं पर तकनीकी बातचीत की। आधिकारिक बयान के मुताबिक भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर 11वें दौर की वार्ता अगले महीने आयोजित होने की संभावना है।

## कोल इंडिया 226.10 रुपये के हिसाब से बेचेगी 92.44 लाख शेयर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के 92.44 लाख शेयर बेचने जा रही है, जो 0.15 फीसदी इक्विटी के बरारबर है। सरकार ये शेयर 226.10 रुपये प्रति शेयर के भाव पर बेचेगी। कोल इंडिया ने सोमवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि 92.44 लाख शेयर कर्मचारियों को बेचेगी, जो 0.15 फीसदी इक्विटी के बरारबर है। सीआईएल ने कहा कि यह शेयर कर्मचारियों को खुली बिक्री पेशकश (ओएफएस) के तहत।

## कर्नाटकः विधान परिषद के लिए कांग्रेस ने घोषित किए उम्मीदवार

**नई दिल्ली। क**र्नाटक विधान परिषद की तीन सीटों के लिए 30 जून को उपचुनाव होने हैं। कांग्रेस ने इस उपचुनाव में पूर्व भाजपा नेता व राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार को उम्मीदवार बनाया है।

पार्टी ने शेट्टार के साथ-साथ तिप्पनप्पा कामाकनूर और एन.एस बोसेराजू को भी उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कर्नाटक विधान परिषद उपचुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवारों के रूप में जगदीश शेट्टार, तिप्पनप्पा कामाकनूर और एन.एस. बोसेराजू की उम्मीदवारी के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री शेट्टार विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आ गए थे। उन्होंने कांग्रेस की टिकट पर हुबली-मध्य धारवाड़ से चुनाव लड़ा और हार गए थे।

## केजरीवाल सरकार दिल्ली के दिव्यांगजनों का जीवन बनाएगी सुगम

**नई दिल्ली।** केजरीवाल सरकार दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए उनके आवागमन को आसान बनाने की दिशा में काम कर रही है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में सुगम्य सहायक योजना को मंजूरी मिलने के बाद इस पर तेजी से कार्य शुरू हो गया है। समाज कल्याण विभाग ने ह्लसुगम्य सहायक योजनाह्व के तहत दिव्यांगों को दिए जाने वाले उपकरणों की सूची तैयार कर ली है। समाज कल्याण विभाग जल्द ही एलिम्को के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर करेगा, जिसके बाद योजना को क्रियान्वित करते हुए इसे जनता के बीच लाया जाएगा।



समाज कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद की विभाग के अधिकारियों के साथ हुई सोमवार को बैठक में दिव्यांगजनों को बांटे जाने वाले उपकरणों की प्रेजेंटेशन दिखाई गई। इस दौरान समाज कल्याण मंत्री ने उपकरणों को दिव्यांगजनों के लिए और अधिक सुविधानजक बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार दिव्यांगजनों के हित में कार्य करते हुए सुगम्य सहायक योजना के तहत दिव्यांगों को मोटरचलित ट्राई-साइकिल, स्मार्ट छड़ी, कान की मशीन व व्हीलचेयर जैसे 20 प्रकार के जरूरी उपरकरण बांटेगी। केजरीवाल सरकार की सुगम्य सहायक योजना के तहत दिव्यांगजनों को मोटर और हाथ से चलने वाली व्हीलचेयर और ट्राई-साइकिल दी जाएंगी। इसके अलावा आर्टिफिशियल लिम्ब्स, छड़ी, कान की मशीन, बैसाखी, घूमने वाला बेंत, वॉकर और रोलर, फोल्डिंग एक्टिव व्हीलचेयर, फुट केयर यूनिट और नेत्रहीनों के लिए स्मार्ट बेंत व शॉर्टहैंड मशीन बांटे जाएंगे।

## भारत-चीन सीमा विवाद पर स्थिति साफ करे केन्द्र सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली। कां**ग्रेस ने मांग की है कि केन्द्र सरकार भारत-चीन सीमा विवाद पर स्थिति साफ करे। इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की जाए और स्थिति को देश के सामने रखा जाए । कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनीष तिवारी ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि एक जिम्मेदार विपक्ष होने के नाते कांग्रेस मांग करती है कि भारत-चीन सीमा विवाद पर एक व्यापक चर्चा कर एक श्वेत पत्र जारी किया जाए कि पिछले



तीन साल में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएली) के ऊपर जो घटनाक्रम हुआ है उसकी सच्चाई क्या है ? तिवारी ने कहा कि 03 साल पहले 19 जून 2020 को प्रधानमंत्री मोदी ने गलवान की घटना के बाद सर्वदलीय बैठक में कहा था कि न कोई हमारी सीमा में घुसा है, न ही कोई पोस्ट दूसरे के कब्जे में है।

## यूपी के पहले थारू संग्रहालय का सीएम योगी ने किया लोकार्पण

**बलरामपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया के जो विकसित देश नहीं कर पाए नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारत ने वह कर दिखाया। आज वैश्विक मंच पर भारत का सम्मान बढ़ा है। भारत समृद्धि की ओर लगातार बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद बलरामपुर के पचपेड़वा स्थित इमलिया कोडर में सोमवार को थारू संग्रहालय का लोकार्पण के मौके पर कहा कि कांग्रेस भारत की विरासत के प्रति गंदी सोच रखती है। सभी देशवासियों को अपने गौरवशाली विरासत पर गर्व करनी चाहिए।

### विंध्य कॉरिडोर के साथ जुड़ा नया अध्याय, बदलेगी सूरत, बढ़ेगी रौनक

## काशी की तर्ज पर चमकेंगे विंध्य क्षेत्र के गंगा घाट

**मीरजापुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट विंध्य कॉरिडोर से एक और अध्याय जुड़ गया। काशी की तर्ज पर विंध्य कॉरिडोर के साथ अब विंध्य क्षेत्र के गंगा घाट भी चमकेंगे यानी गंगा घाटों की सूरत बदलेगी ही, सुविधाएं भी बढ़ेंगी। गंगा घाटों का सौंदर्यीकरण होने से अब लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। इससे गंगा घाटों की रौनक बढ़ने के साथ रोजगार भी बढ़ेंगे। गंगा घाट हाईमास्क लाइट से जगमगाते नजर आएंगे ही, सीसीटीवी कैमरे से सभी गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। गंगा घाटों के सौंदर्यीकरण को लेकर मंडलायुक्त डा. मुथुकुमार स्वामी बी. की अध्यक्षता में सोमवार को पथरहिया स्थित



आयुक्त कार्यालय सभागार में मीरजापुर विंध्याचल विकास प्राधिकरण की बैठक हुई। बैठक में पक्का घाट, नारघाट व बरियाघाट सहित अन्य घाटों के मरम्मत व सौंदर्यीकरण को लेकर विस्तृत हुई। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बताया कि नगर के पक्का घाट, बरियाघाट व नारघाट प्राचीन एवं महत्वपूर्ण घाट हैं, जो गंगा किनारे व शहर के मध्य स्थित हैं। इन घाटों पर वर्ष भर महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन होते रहते हैं। इस कारण नागरिकों की काफी भीड़ इकठ्ठा होती है। घाटों की सीढ़ियों के क्षतिग्रस्त होने व अंधेरा होने के कारण असामान्य घटनाएं यथा गंगा नदी में व्यक्तियों के डूबने की घटना, घाटों पर अंधकार होने से विभिन्न प्रकार के असामाजिक तत्व के इकठ्ठा होने के साथ नागरिकों व महिलाओं को कई बार अप्रत्याशित घटनाओं एवं दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ता है।

## आरोप पत्र दाखिल होने से अग्रिम जमानत अर्जी खारिज करना जरूरी नहीं : हाईकोर्ट

**प्रयागराज। इ**लाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि आरोप पत्र दाखिल होने या अदालत द्वारा आरोप पत्र का संज्ञान लेने से अग्रिम जमानत अर्जी खारिज करना जरूरी नहीं है। कोर्ट ने कहा कि जब तक याची को गिरफ्तार नहीं कर लिया जाता तब तक अग्रिम जमानत दी जा सकती है।

कोर्ट ने मामले में निचली अदालत द्वारा अग्रिम जमानत निरस्त किए जाने के आदेश को सही नहीं माना और



कहा कि तय कानूनी स्थिति को किसी भी तरह से तोड़-मरोड़ कर पेश करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। यह आदेश न्यायमूर्ति नलिन कुमार श्रीवास्तव ने अलीगढ़ के डॉ. कार्तिकेय शर्मा व दो अन्य की अग्रिम जमानत अर्जी को स्वीकार करते हुए दिया है।

## खबर संक्षेप

### लापरवाही के आरोप में नप गए बिजली विभाग के एसडीओ

**मेजा।** मेजा में बिजली विभाग के एसडीओ लापरवाही एवं अनियमितता के आरोप में आज नप गए हैं। वह मुख्यालय से सबद्ध कर दिए गए। उन पर एक उपभोक्ता से रुपए मांगने एवं अपने बचाव को लेकर उसी उपभोक्ता पर जबरन दो-दो एफआईआर कराने का आरोप लगाया था।मिली जानकारी के अनुसार, मेजा डिवीजन के बिजली विभाग मेजारोड के उपखंड अधिकारी विनय सिंह पर आरोप है कि इन्होंने ने बिजली बिल बनाने के नाम पर पांती मेजारोड की उपभोक्ता विंदू गुप्ता से 15 हजार रुपए नकद व 35 हजार रुपए की एसी लिए थे। आरोप है कि बाद में उसका बिजली बिल बनाने के नाम पर और पचास हजार रुपए की मांग हुई। उपभोक्ता के न देने पर उपखंड अधिकारी विनय सिंह द्वारा अपने आप के बचाव को लेकर उक्त उपभोक्ता पर दो-दो एफआईआर दर्ज करा दिया गया।पीड़िता ने उक्त मामले में भारतीय खाद्य निगम के सदस्य डॉ चंद्रमोहन सिंह से शिकायत किया था। वहीं उक्त सदस्य की शिकायत पर आज विभागीय गहन जांच शुरू कराई गई और उपखंड अधिकारी विनय सिंह को जांच में दोषी पाए गए। उनपर विभागीय कार्यवाही कर दी गई। वहीं एसडीओ पर कार्रवाई को लेकर विभागीय अधिकारियों सहित कर्मचारियों में खलबली मच गई है।

## बहन के घर जा रहे भाई की आकस्मिक मौत से कोहराम

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** सरायममरेज थानांतर्गत भोजरजा गांव में अपनी बहन के घर पैदल जा रहे हरिनाथ पुत्र मंगरु राम प्रजापति उम्र 43 वर्ष की कुढ़वां गांव, दुगार्गंज थानांतर्गत के समीप एक खेत में गिरकर आकस्मिक मौत हो गई। देखते ही देखते भारी भीड़ जमा हो गई ग्रामीणों द्वारा अज्ञात शव की सूचना पर दुगार्गंज थानाध्यक्ष अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचें एवं शव का निरीक्षण किया तो आधार कार्ड मिला व्यक्ति की पहचान पंवारा, जौनपुर थानांतर्गत आदेपुर, चटौरी गांव के हरिनाथ पुत्र मंगरु राम प्रजापति के रूप में हुई। सूचना सुनकर रोती बिलखती बहन एवं अन्य परिजन मौके पर पहुंचे एवं बताया कि हरिनाथ बीमारी से ग्रस्त था उसको मिर्गी का दौरा भी पड़ता था अधिक गर्मी एवं धूप के कारण अधिक पैदल चलने के कारण उसको चक्कर आ गया होगा और उसकी मौत हो गई। दुगार्गंज पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।





## डीसीएम गाड़ी में चार पहिया वाहन ने मारी टक्कर एक की मौत, चार घायल

**सोरांव।** सोमवार सुबह लगभग 6 बजे प्रतापगढ़ से प्रयागराज की तरफ तेज गति से आ रही एक वैगन आर चार पहिया वाहन ने धीमी गति से आगे-आगे चल रही डीसीएम गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी तेज थी कि वैगन आर चालक ओंकार नाथ की मौके पर मौत हो गई और 4 लोग बुरी तरह घायल हो गए घायलों को स्वरूप रानी हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है। जहां पर इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार सोरांव थाना क्षेत्र के नहर ददौली के पास प्रयागराज से प्रतापगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक डीसीएम गाड़ी धीमी गति में प्रयागराज की तरफ आ रही थी। तभी एक वैगनआर चार पहिया वाहन में बैठकर परिवार सहित कुछ लोग प्रतापगढ़ से प्रयागराज किसी कार्य से आ रहे थे। ददौली गांव के पास जोरदार पीछे से टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी तेज थी कि वैगनआर चालक की मौके पर मौत हो गई। वही गाड़ी में बैठे चार लोग बुरी तरह घायल हो गए। सूचना पर पहुंची सोराव थाने की पुलिस ने मृतक ओंकार नाथ 40 पुत्र माताफेर निवासी नेवादा कला थाना अंतू जिला प्रतापगढ़ का शव कब्जे में लेकर मृतक के पुत्र घनश्याम के पंचनामा करने पर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## कठौली मेजारोड में करोड़ों की लागत से बने नलकूप वर्कशॉप की हालत बदतर

अखंड भारत संदेश

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र में करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी कठौली मेजारोड स्थित नलकूप वर्कशाप सुधर नहीं सका। पांच वर्ष पूर्व लगभग 92 लाख रुपये से अधिकारियों के लिए बनवाए गए आवास जर्जर हो गए। दीवारों में दरारें पड़ गई। नलकूप कालोनी परिसर में जंगल झाड़ियां उगी पड़ी हैं, दिन के समय तो नलकूप विभाग के जिलेदार सहित अन्य कर्मचारी कार्यालय में बैठते हैं, रात के समय कोई कर्मचारी मौजूद नहीं रहता। किसी कर्मचारी के मौजूद न होने से नलकूप वर्कशाप कार्यशाला लावारिश हो जाता है। अपराधी किस्म के लोग एकान्त स्थान पाकर रात भर समय बिताते हैं। एक दशक पहले नलकूप वर्कशाप में पहुंचे आधा दर्जन बदमाशों ने वर्कशाप की रखवाली करने वाले कर्मचारियों को बंधक बनाकर जमकर पीटा था। कीमती सामान उठा ले गए थे, उसी दिन से नलकूप विभाग के इंजीनियरों ने नलकूप वर्कशाप को बंद करवा दिया। वर्कशाप में पाइप की चूड़ी पेराई का काम अब शहर में होने लगा। किसानों की पहल पर सपा विधायक रहे गिरीश चन्द पांडेय ने शासन में वर्कशाप की दयनीय हालत सुधारे जाने की मांग उठाई तो करोड़ों रुपये स्वीकृत हुए, शासन से मिला यह धन विभागीय इंजीनियरों व ठेकेदारों की भेंट चढ़ गया। ठेकेदारों ने जो भी काम करवाया, पुरानी दीवार तोड़ कर नया काम दिखा दिया। कठौली से शहर गया वर्कशाप आज तक नलकूप वर्कशाप मेजारोड नहीं लौट सका। अब खराब पड़े नलकूपों की चूड़ी पेराई सहित अन्य कार्य शहर में होते हैं, खराब पड़े नलकूपों की हालत सुधारनें में महीनों का समय गुजर जाता है, जिससे किसानों का भारी नुकसान हो जाता है। वर्कशाप के पास दो हैंडपंप विभाग से लगाए गए थे, जिसका सामान चोर उठा ले गए। अब पेयजल का कोई साधन नहीं रह गया है।

## डीपीओ को दस माह तक नहीं मिली जांच की फुरसत, डीएम ने दी हफ्तेभर की मोहलत

अखंड भारत संदेश

**विकास खंड शंकरगढ़ के ग्राम पंचायत पहाड़ीकला के प्रधान पर लगाए गए हैं भ्रष्टाचार के आरोप**

**शंकरगढ़।** एक ही मामले को लेकर बार-बार शिकायत क्यों होती है, इसे समझना हो तो यह एक मामला हकीकत समझाने के लिए काफी है। दरअसल, विकास खंड शंकरगढ़ के पहाड़ीकला में भ्रष्टाचार की शिकायत बीते वर्ष की गई थी। इसकी जांच के आदेश दिए गए और जिम्मेदारी मिली डीपीओ को। बीते अक्टूबर माह में सीडीओ ने गूगल मीट के माध्यम से हुई समीक्षा बैठक में तत्काल जांच के आदेश दिए गए। बावजूद इसके जांच नहीं हुई और अब मामला हाईकोर्ट में पहुंच गया। हाईकोर्ट की फटकार के बाद जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने पूरे मामले की जांच दस दिन में करने का आदेश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिया है। विकासखंड शंकरगढ़ के पहाड़ीकला निवासी प्रवीण सिंह ने ग्राम प्रधान के द्वारा करवाए गए कार्यों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की थी। जिलाधिकारी द्वारा 12 जून, 2023 को जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि उक्त प्रकरण में दस माह से अधिक का समय व्यतीत होने के बाद भी अभी तक जिला कार्यक्रम अधिकारी और अवर अभियंता (ग्रामीण अभियंत्रण विभाग) द्वारा रुचि नहीं ली गई और मामला अब तक लटका हुआ है। जांच नहीं होने और मामले का निस्तारण नहीं किए जाने के कारण शिकायतकर्ता ने हाईकोर्ट की शरण ली। हाईकोर्ट ने जांच में विलंब पर रोष व्यक्त करते हुए अविलंब जांच पूरी करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी संजय कुमार कत्री ने अधिकारी द्वय को एक सप्ताह के भीतर शिकायतकर्ता, ग्राम प्रधान और ग्रामीणों की मौजूदगी में स्थलीय निरीक्षण, बिंदुवार जांच करने और फोटोग्राफ सहित आख्या डीपीआरओ को सौंपने का निर्देश दिया है। अन्यथा की स्थिति में डीपीओ खुद जिम्मेदार होंगे। दूसरी तरफ जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश सिंह ने उक्त मामले की जांच के लिए 22 जून की तिथि निर्धारित की है। 22 जून को होने वाली जांच और स्थलीय सत्यापन के लिए डीपीओ ने ग्राम प्रधान, सचिव, सहायक विकास अधिकारी पंचायत को सभी अभिलेखों के साथ उपस्थित रहने का आदेश दिया है। इसकी जानकारी शिकायतकर्ता प्रवीण कुमार सिंह को भी दी गई है।

### ससुराल से लापता हुई विवाहिता,थाने पहुंचे पिता ने जताई हत्या की आशंका

**मेजा।** मेजा के डेलौंहा गांव निवासी सन्तलाल यादव पुत्र रामदेव यादव ने मेजा कोतवाली में आज तहरीर देकर बताया कि उसकी लड़की लक्ष्मीना देवी की शादी हिन्दू धर्म के अनुसार सन्तोष कुमार पुत्र पन्नालाल निवासी छतवा, थाना मेजा के साथ हुई थी। उसकी लड़की लक्ष्मीना को पति संतोष व ससुर पन्नालाल व सास मंजू व ननद गुड्डन व सुमन सभी लोग मारपीट, प्रताड़ना, गाली-गलौज, शोषण उत्पीड़न, घरेलू हिंसा प्रताड़ना करते हैं। उसने कई बार समझा-बुझाकर बेटी को ससुराल भेज चुका था। इसके बाद भी उक्त लोग उसे प्रताड़ित करते रहे। एक बार ससुराल वालों ने उसे पीटते हुए घर से भगा दिया था। पिता ने बताया कि तब मेरी लड़की ने पारिवारिक न्यायालय में वाद दाखिल किया था। मुकदमा चल रहा था। इसी बीच मेरे घर से मेरी लड़की को उपरोक्त लोग विदाई करा ले गए। लड़की पर दबाव बनाकर मुकदमा सुलह करा लिया गया था। इसके बाद मारपीट प्रताड़ना, घरेलू हिंसा करने लगे। 16 जून को पन्नलाल के दामाद विमल कुमार ने फोन करके बताया कि तुम्हारी लड़की 15 जून से छतवा ससुराल से गायब हो गई है।

## महिला सशक्तिकरण अभियान से महिलाएं जागरूक हों : वंश नारायण सिंह यादव

अखंड भारत संदेश

**सचिवालय भवन अलहवा पर ग्राम प्रधान की सदारत में आयोजित हुई बैठक**

**कोराव।** थाना पुलिस कोराव के ग्राम पंचायत अल्हवा में स्थित ग्राम सचिवालय भवन सभागार में महिला सशक्ति करण अभियान के तहत सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान को अंजाम देने के लिए थाना प्रभारी कोरांव धीरेंद्र सिंह के निर्देशन में थानेदार वंश नारायण सिंह यादव मुख्य अतिथि ने उपस्थित ग्राम की महिलाओं,महिला संगठनों को महिला उत्पीड़न,घरेलू हिंसा से निपटने के लिए सरकार की सुरक्षात्मक उपायों की जानकारी दी। श्री यादव ने महिलाओं को 1090,1076,112,101,102,108,181,1038,आदि फोन नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जिससे आवश्यकता पड़ने पर नारियां इस्तेमाल कर सकें। उन्होंने कहा कि महिलाओं को डरने की नहीं जरूरत है,पुलिस आपके साथ है,उपरोक्त फोन नंबरों का सिर्फ दुर्पयोग नहीं होना चाहिए जिससे आपको सुरक्षा में व्यवधान न उत्पन्न हो सके। अध्यक्षता कर रहे ग्राम प्रधान अलहवा अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे मंत्री अखिल भारतीय ग्राम ऑर्गन संगठन प्रयागराज मंडल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए महिला ससक्ति करण के विषय में विस्तार से जानकारी दी। और कहा कि महिलाएं उत्पीड़न घरेलू हिंसा से त्रस्त हो कर आत्म हत्या न करें बल्कि संघर्ष करें कानून का समाज का रिश्तेदारों का सहयोग ले कर निराकरण कराएं। बैठक में इलाकाई कांस्टेबिल ओम प्रकाश यादव, राम ललित यादव, दो महिला सिपाही ग्राम की महिलाएं सफाई कर्मी दिनेस सहित लोग मौजूद रहे।



महिला सशक्ति करण पर अल्हवा सचिवालय भवन पर विचार व्यक्त करते थानेदार वंशनरायण तथा ग्राम प्रधान अल्हवा

## मोदी सरकार 9 साल में देश को ऊंचाइयों पर ले जाने का कार्य किया : शाहनवाज हुसैन

अखंड भारत संदेश




**करछना।** विधानसभा करछना करेहा में आयोजित कार्यक्रम में 9 साल बेमिसाल मोदी सरकार के कार्य को लेकर आयोजित लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत उपस्थित सभी कार्यकताओं के बीच भाजपा सरकार के केन्द्रीय प्रवक्ता शहनवाज हुसैन ने मोदी सरकार के 9 साल की उपलब्धियों के बारे में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए बताया कि मोदी सरकार ने देश में ही नहीं विदेशों में भारत का डंका बहुत जोशीले अंदाज में बढ़ाया है इससे भारत देश का गौरव ऊंचा हुआ है साथ ही गरीबों के लिए विशेषकर आवास शौचालय सड़क बिजली पानी उज्जला योजना लागू करके गरीबों के उत्थान के लिए एक मिसाल कायम किया है आने वाले समय में जनता के आशीर्वाद और उनके किए गए कार्य से तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से उन्हें कोई रोक नहीं पायेगा छोटे दल सभी उनके विरोध में एकजुट हो रहे हैं लेकिन भाजपा की सरकार सबका साथ सबका विकास को साथ लेकर चल रही है जिससे जनता का विश्वास भाजपा सरकार में बढा है की बात कही वहीं प्रयागराज की सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने जमुनापार में मंदिरों के उत्थान में सड़कों एवं उज्जवला गैस आवास शौचालय आदि पर सरकार की कार्य योजनाओं पर विशेष तौर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए बताया कार्यक्रम में नंद कुमार गुप्ता नंदी केबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश, विधायक करछना पीयष रंजन, जमुनापार जागृति मिशन के संयोजक डॉक्टर भगवत पांडे संजय शुक्ला मेजा विधायक राजमणि कोल पूर्व जिलाध्यक्ष विभूति नारायण, केपी श्रीवास्तव, ज़िला अध्यक्ष अजय भारतीय ने कार्यक्रम में संशोधित किया तथा बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं में शिवाजी पांडेय, कार्यक्रम के आयोजक करछना ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में करछना, मेजा कोरांव,बारा विधानसभा से आए हुए ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विधायक शामिल रहे।

### मेजा में रेलवे ट्रैक के किनारे में क्षत-विक्षत शव

**मेजा।** मेजा थाना क्षेत्र में सोमवार को दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक पर अधेड़ का क्षत-विक्षत शव मिला। शव देखते ही स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम को भेज दिया। पुलिस ने शव की शिनाख्त कर, परिजनों को सूचना दी।मिली जानकारी के अनुसार, मेजा थाना क्षेत्र के कोटहा गांव निवासी हरिशंकर आदिवासी (50) पुत्र कालूराम सोमवार की सुबह अपने खेतों की तरफ गए थे। जहां गांव के समीप दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर संदिग्ध परिस्थितियों में बुजुर्ग का रेलवे ट्रैक के बगल क्षत विक्षत शव ग्रामीणों ने देखा तो हड़कंप मच गया।घटनास्थल पर भारी जनसंख्या में स्थानीय लोगो की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने मामले पुलिस को दिया। वहीं सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त किया और परिजनों को घटना की जानकारी दी। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन भी मौके वारदात पर पहुंच गए। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद शव को स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय भेज दिया है। घटना को लेकर मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

## शोभा यात्रा निकालकर मंदिर में की गई हनुमान एवं शिवजी की प्राण प्रतिष्ठा

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** कलिकाल में श्रद्धालु प्रेमी भक्तों के रक्षार्थ के लिए प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से हनुमान जी एवं भगवान भोलेनाथ की स्तुति सभी के लिए सदैव कल्याणकारी है। उक्त बातें सिंगरामऊ गांव में हनुमान तथा शिव जी की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आचार्य पंडित अजय शास्त्री ने उपस्थित भक्तों से कही। उन्होंने कहा कलयुग केवल नाम अधारा, सुमिरि सुमिरि नर उधरहिं पारा ।। इस कलिकाल में कष्टों से मुक्ति तथा सुख समृद्धि के लिए नित्य राम नाम के साथ हनुमान जी तथा शिवजी की स्तुति अवश्य करनी चाहिए। कैथाना सिंगरामऊ गांव में सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव के संयोजन में सोमवार को तीन विद्वान आचार्यों द्वारा नवनिर्मित मंदिर में विधि विधान से आवाहित देवी देवताओं के साथ वैदिक मंत्रोच्चार से पंचमुखी हनुमान एवं शिव जी की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। नवनिर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व हनुमान जी तथा शिव जी की मूर्ति के साथ भव्य शोभा यात्रा सिंगरामऊ गांव के विभिन्न गलियों, मोहल्लों में भक्तों के दर्शनार्थ हेतु गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। इस दौरान प्रेमी भक्तों ने फूल माला चढ़ाकर हनुमान जी तथा शिव जी का चरण वंदन किया। इस अवसर पर पंडित पंकज दुबे, राजेन्द्र प्रसाद, राम चन्द्र श्रीवास्तव, राजेश द्विवेद, रमेश दुबे, ललित पांडे, टोनी पांडे, दीपक द्विवेदी, पिंटू मिश्रा, दिनेश, उमेश, राजू , शिवम, आदर्श पांडे सहित भारी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बने।



## पुलिस बूथ के निकट खुलेआम गांजा बेचने का वीडीओ ट्विटर पर हो रहा है वायरल

अखंड भारत संदेश

**इंस्पेक्टर मऊआइमा का कहना है कि यह दो साल पुराना है पुलिस की क्षवि धूमिल की जा रही है**



**मऊआइमा।** मऊआइमा के कल्याणपुर स्थित पुलिस बूथ के समीप खुलेआम गांजा बेचने का वीडियो ट्विटर पर वायरल हो रहा है। पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा इंस्पेक्टर मऊआइमा को जांच का निर्देश दिया गया है । मिली जानकारी के मुताबिक मऊआइमा के कल्याणपुर में नवनर्मित पुलिस बूथ बनाया गया है । पुलिस बूथ के पास भांग की दुकान है । जिसमें खुलेआम गांजा बेचने का की बात कोई बब्बे सिंह चौहान ने अपने ट्विटर अकाउंट पर वीडीओ डाल कर जमकर वायरल कर रहा है। इन दिनों ट्विटर पर पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज के ट्विटर अकाउंट पर बब्बे सिंह चौहान के नाम से टिवट्र पर ट्यूट किया गया है । पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा इंस्पेक्टर मऊआइमा को जांच करने का निर्देश दिया गया है। मऊआइमा थाना प्रभारी निरिक्षक सुरेश सिंह का कहना है कि वीडियो दो साल पुराना है इंस्पेक्टर ने बताया कि दो दिन पूर्व प्रधान पति के गुर्गो ने पुलिस बूथ पर हमला कर दिए थे। जिसपर प्रधानपति सहित आठ के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि पुलिस को बदनाम करने के लिए पुराना वीडीओ को ट्विटर पर ट्वीट किया गया है। पुलिस की क्षवि धूमिल करने की चाल है।

## ममोली गांव में कुएं में गिरी किशोरी, ग्रामीणों ने रेस्क्यू कर सुरक्षित बचाया



**मेजा रोड।** मेजा के ममोली गांव में एक किशोरी के कुएं में गिर जाने से हड़कंप मचगया। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई, ग्रामीण किशोरी को बचाने की कोशिश में लगे रहे। इसी बीच ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची अग्निशमन की टीम ने रेस्क्यू कर किशोरी को सुरक्षित कुएं से बाहर निकाला। मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के ममोली (बैरहना) गांव निवासी रविंद्र नाथ शुक्ला की बेटी शिप्रा शुक्ला सोमवार को दोपहर किसी काम से घर के बगल कुएं पर गई थी। इसी दौरान वह कुएं में गिर गई। कुएं में गिरने की सूचना पर गांव के लोगों में हड़कंप मच गया लोग किशोरी को बचाने के प्रयास में जुट गए। सूचना पर अग्निशमन की टीम सिया शरण सिंह, रामकुमार यादव, हरीश पाल, सुनील पाण्डेय, दुर्गा प्रसाद ने ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू कर किशोरी को बचाया और कुएं से सुरक्षित बाहर निकाला। अग्निशमन स्टेशन के मेजा प्रभारी राजेन्द्र तिवारी ने बताया कि उक्त किशोरी को सकुशल कुएं से बाहर निकाला गया है। किशोरी को मामूली चोटें आई हैं। जिसे घर के लोग डाक्टर के पास ले गए हैं।

## भीषण उमसभरी गर्मी से लोगो का जीना हुआ दुश्वार, आग जैसी गर्मी उगल रहा है सूरज

**धान की नर्सरी को छुटटा मवेशी अपना शिकार बना रहे हैं**

अखंड भारत संदेश



**मऊआइमा।** इन दिनों पड रही भीषण गर्मी से लोगो का जीना दुष्वार हो गया है। शरीर को झुलसा देने वाली आग जैसे सूरज का रौब से पशु पक्षी इंसान सब बेहाल हो गए हैं।ऊपर से किसी तरह धान की नर्सरी डाल कर धान की रोपाई की तैयारी करने वाले किसान आवारा मवेशियों से तंग आ गए हैं। मऊआइमा क्षेत्र क्या पूरे इलाके में ताल, तलैया, नहरों के सूख जाने से पशु पक्षी इंसान सब बुरी तरह सांसत में है। लोग बूंद बूंद पानी के लिए मोहताज हैं।किसान किसी तरह ट्यबवेल आदि से धान की नर्सरी लगाए हुए हैं। ताकि आने वाले वर्षा के समय धानों की रोपाई कर सकें। परन्तु उनकी धान की महंगी नर्सरी को आवारा छुटटे मवेशियों के शिकार हो जा रहे हैं। एक तो पानी की कमी दूसरे महंगे बीज तीसरा आवारा पशुओं ने किसानों को कहीं का नहीं छोड रहे हैं। जिससे किसान तंग आ चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**झूंसी।** स्टेशन के निकट ट्रेन से कटने से एक महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुची जीआरपी पुलिस महिला के शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने में जुट गई। महिला की पहचान उस्तापुर महमूदाबाद की पूनम के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि झूंसी के उस्तापुर महमूदाबाद के संजय यादव की पत्नी पूजा 32 सोमवार की दोपहर झूंसी स्टेशन के पास ट्रेन से कट गई। घंटो बाद उसकी शिनाख्त हो पाई। परिजनों ने बताया कि पूजा की दिमागी हालात ठीक नही थी उसके तीन बच्चे है दो बेटी एक बेटा।

### नैनी पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार

**नैनी।** नैनी थाना के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना नैनी बृजेश सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना नैनी पुलिस द्वारा रविवार को मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त रविराज वर्मा पुत्र धर्मेन्द्र वर्मा निवासी पाल चौराहा उछ 07 ए डी ए कालोनी थाना नैनी, उम्र करीब 25 वर्ष को चक माधव गेट बंधा रोड अरैल के पास से गिरफ्तार किया कर कब्जे से 01 अदद अवैध देशी तमंचा .315 बोर व 01 अदद अवैध जीवित कारतूस .315 बोर बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी बरामदगी के सम्बन्ध में थाना नैनी में आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार करने वाली पुलिस फोर्स थाना नैनी उ.नि. मनीष कुमार उ.नि. परमानन्द यादव का. अभिषेक अवस्थी।

# प्रापर्टी डीलर को लाइसेंसी पिस्टल से मारी गोली

## झूंसी के छतनाग रोड के मार्केट के कमरे में हुई वारदात, दिनदहाड़े हुई वारदात से लोग सकते में,आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के छतनाग रोड पर स्थित एक मार्केट के कमरे में सोमवार की सुबह बैठे प्रापर्टी डीलर को दौड़ाकर लाइसेंसी पिस्टल से गोली मार दी गई। किसी तरह वहां से भागकर प्रापर्टी डीलर ने अपनी जान बचाई। गोली भी किसी और नहीं बल्कि एक अन्य प्रापर्टी डीलर ने शराब के नशे में मारी थी। घटना की सूचना मिलने पर पीआरवी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल प्रापर्टी डीलर को परिजनों की मदद से गाड़ी में लादकर एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया। प्रापर्टी डीलर के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। देर शाम तक उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी। घटना से मौके पर काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही।





थाना क्षेत्र के हवेलिया वार्ड नंबर 52 निवासी 55 वर्षीय शिवमूरत यादव पुत्र पन्नालाल यादव प्रापर्टी डीलर है। शिवमूरत की झूंसी के छतनाग रोड पर शिवतारा नाम से मार्केट है। रोज की तरह सोमवार की सुबह भी वह अपने मार्केट के एक कमरे में बनाए गए आफिस में बैठा था। इसी दौरान नैका-महीन गांव निवास रामनारायण यादव उर्फ गुड्डू भी वहां पहुंच गया। लोगों की माने तो गुड्डू यादव वहां बैठकर शराब पी रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर उसका शिवमूरत से विवाद हो गया। बात बढ़ी तो गालगलौज करने के दौरान ही गुड्डू यादव ने शिवमूरत पर अपनी लाइसेंसी पिस्टल तान दी। इस पर शिवमूरत सन्न रह गया और जान बचाने के लिए भागा। तभी गुड्डू ने शिवमूरत के दाहिने पैर में घुटने के पास गोली मारकर उसे लहूलुहान कर दिया। गोली मारने के बाद गुड्डू मौके से फरार हो गया। शिवमूरत काफी देर तक खून से लथपथ हालत में सामने स्थित एक दुकान में बैठा रहा। तकरीबन डेढ़ घंटे बाद पीआरवी पुलिस मौके पर पहुंची और जख्मी प्रापर्टी डीलर को गाड़ी में लादकर एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में शिवमूरत के भतीजे मानसिंह की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रामनारायण यादव उर्फ गुड्डू के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा में रिपोर्ट दर्ज की। देर शाम तक इलाकाई पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी।

# सड़क हादसे में नगर निगम के इंस्पेक्टर की हुई मौत

**अखंड भारत संदेश**



**झूंसी।** वाराणसी प्रयागराज मार्ग झूंसी में रविवार की रात सड़क दुर्घटना में नगर निगम के इंस्पेक्टर आनंद द्विवेदी 25 की दर्दनाक मौत हो गई वह शहर से घर आ रहे थे और त्रिवेणीपुरम गेट के सामने पहुंचे थे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी इंस्पेक्टर की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है डेढ़ वर्ष पहले आनंद द्विवेदी की शादी हुई थी। वह दो बहनों में एकलौते भाई थे। झूंसी के भतकार गांव निवासी आनंद द्विवेदी नगर निगम में इंसेक्टर थे उनकी पोस्टिंग शहर में ही थी और वह परिवार के साथ सोहबतियाबाग में रहते थे। रविवार वह गांव आते थे बीते रविवार की रात वह बाइक से घर आ रहे थे जीटी रोड पर त्रिवेणीपुरम गेट के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से आनंद द्विवेदी गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस स्थानीय लोगों के सहयोग से उन्हें एसआरएन अस्पताल ले गई जहां डॉक्टरों ने आनंद द्विवेदी को मृत घोषित कर दिया मौत की खबर घर पहुंची तो घर में कोहराम मच गया मां शोभा देवी व पत्नी मधु का रो रो कर बुरा हाल है आनंद द्विवेदी के चाचा भाजपा नेता काशीनाथ द्विवेदी ने बताया कि आनंद के पिता अजय कुमार की बीमारी से मौत हो गई थी। उनकी जगह इसे नौकरी मिली थी। दो बहनों में इकलौता भाई था आनंद द्विवेदी की मौत से जहां परिजनों में कोहराम मचा हुआ है वहीं नगर निगम कर्मचारियों में भी शोक का माहौल है भाजपा नेताओं ने भी पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

# गुड्डू, गुलाम और सदाकत के नैनी जेल में अली से मिलने की सीसीटीवी फुटेज आई सामने

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी सेंटर जेल से मिले सीसीटीवी फुटेज में तीनों आरोपी नजर आए हैं उमेश पाल की हत्या के पहले हुई मुलाकात का ये वीडियो हैं 24 फरवरी को हुए उमेश पाल हत्याकांड के शूटर नैनी जेल में बंद माफिया अतीक अहमद के बेटे अली से भी मिलने पहुंचे थे मुलाकात अशरफ से बरेली जेल में मिलने के बाद हुई थी इस मुलाकात का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है अतीक के दोनों बेटों के खिलाफ उमेश पाल हत्याकांड की केस डायरी में इसका उल्लेख करेगी साथ ही जेल में उनका वारंट बनवाकर आरोपित कर पूछताछ करेगी 12 फरवरी को बरेली जेल में हुई थी अशरफ से मुलाकात उमेश पाल की 24 फरवरी 2023 को जयंतीपुर कॉलोनी में गोली और बम से हमला कर हत्या कर दी गई थी इसमें उमेश के दो गनर राघवेंद्र और

## उमेश पाल हत्याकांड में अली से पूछताछ करेगी पुलिस




संदीप भी मारे गए थे इस सनसनीखेज हत्याकांड की जांच कर रही एसआईटी ने खुलासा किया था इसमें बताया कि हत्या के 12 दिन पहलेअतीक का बेटा असद, सदाकत खान, शूटर गुलाम, शूटर विजय चौधरी, बमबाज गुडुडू मुस्लिम ने बरेली जेल जाकर अतीक के भाई अशरफ से मुलाकात की थी जेल के अंदर जाने का सीसीटीवी फूटेज भी सामने आया था। इसके बाद जेल के अंदर ही उमेश पाल की हत्या की रणनीति और साजिश रची गई उमेश पाल की हत्या के लिए पहले 15 फरवरी, 18 फरवरी और फिर 21 फरवरी को प्रयास किया गया था। शूटस्स ने कचहरी से लेकर उमेश के घर तक रिकी की थी। तीन बार असफल प्रयास के बाद असद, सदाकत खान, शूटर गुलाम, शुटर विजय चौधरी उफ उस्मान, अरबाज, बमबाज गुड्डू मुस्लिम ने 24 फरवरी को उमेश पाल के घर के पास गोली और बम स हमला कर हत्या कर दी थी पुलिस सूत्रों के मुताबिक जेल में अशरफ से मिलने के बाद शूटरों ने नैनी जेल सेंट्रेल जेल में अली से मुलाकात की थी यहां अली के साथ मिलकर गुड्डू मुस्लिम, गुलाम और सदाकत ने हत्याकांड की साजिश रची नैनी जेल से मिले सीसीटीवी फुटेज में तीनों आरोपी नजर आए हैं उमेश पाल की हत्या के पहले हुई मुलाकात का ये वीडियो पुलिस के लिए बतौर सुबूत काम करेगा पुलिस सूत्रों के मुताबिक लखनऊ जेल में अतीक अहमद के बड़े बेटे उमर से मुलाकातियों के रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं फरवरी माह में मिलने वालों की सीसीटीवी फुटेज से पहचान की जा रही है।

### रेलवे अफसर के सरकारी बंगले में चोरी

**प्रयागराज।** खुल्दाबाद में डीएसए ग्राउंड के पास रेलवे अधिकारी के सरकारी बंगले में घुसे चोर नगदी समेत लैपटॉप,टेबलेट, मोबाइल व अन्य सामान उठा ले गए। खुल्दाबाद कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर कराई है खुल्दाबाद पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है खुल्दाबाद कोतवाली अंतर्गत डीएसए ग्राउंड कॉलोनी रेलवे क्वा्टर में मिले बंगले में सहायक मंडल विद्युत इंजीनियर नार्थ सेंट्ल रेलवे प्रयागराज रितेश लालवानी रहते हैं रितेश लालवानी का कहना है कि 16 जून को सुबह 10: बजे वह अपनी ड्यूटी पर चले गए थे। शाम को 7: बजे जब वापस लौटे तो उनके बंगले के मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ था अंदर कमरे में रखे लैपटॉप, टैबलेट, 20 हजार की नगदी, मोबाइल, चार्जर, कई जरूरी डॉक्यूमेंट और अन्य महंगे सामान गायब थे। उनका काले रंग का लेदर का बैग था सारा सामान आशंका है कि उसी में चोर सारा सामान भरकर ले गए हैं उन्होंने इस संबंधथ में खुल्दाबाद कोतवाली में तहरीर दी उनकी तहरीर के आधार पर आज खुल्दाबाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा इस्पेक्टर खुल्दाबाद अनुराग शर्मा ने बताया कि चोरी के एफआईआर दर्ज कर ली गई है आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जा रहा है ताकि चोरों का पता लगाया जा सके।

# नैनी नए यमुना पुल के नीचे यमुना में मिली लापता कारोबारी की लाश

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी नए यमुना पुल के नीचे यमुना में मिली लापता कारोबारी की लाश कीडगंज इलाके से 1? जून को सुबह घर से मॉर्निंग वॉक पर निकले अधेड कारोबारी की लाश 19 जून की दोपहर में नए यमुना पुल के नीचे यमुना में मिली। गोताखोर मनोज निषाद ने लाश को बाहर निकाल कर पुलिस को सूचित किया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन उस वक्त शिनाख्त नहीं हुई। देर शाम उसकी शिनाख्त राजकुमार यादव के रूप में हुई, तब परिवार के लोग पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। पुलिस का कहना है कि 20 जून को उसके शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा नगर के कीडगंज थाना ओंतर्गत पूराबल्दी मोहल्ला निवासी राजकुमार यादव (50) पुत्र केदारनाथ यादव जॉर्ज टाउन थाना क्षेत्र के मेडिकल चौराहे के पास चाय नाश्ते की दुकान




गोताखोर मनोज निषाद ने लाश को बाहर निकाल कर पुलिस को सूचित किया

चलाते थे उनके बेटे राकेश यादव ने बताया कि वह प्रतिदिन भोर में घर से मॉर्निंग वॉक के लिए नए यमुना पुल के नीचे वाली रोड पर जाते थे। रोज की तरह 18 जून की भोर में भी वह घर से मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटेनए पुल के नीचे यमुना में मिली लाश उनकी कारफी खोजबीन की गई। उसके बाद कीडगंज थाने में गुमशुदगी दर्ज करने की तहरीर दी गई। 19 जून की शाम को उनके घरवालों को पुलिस के जरिए सूचना मिली कि नए पुल के नीचे यमुना में एक लाश मिली है जब परिवार के लोग पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और लाश को देखा तो पता चला कि वह लाश राजकुमार यादव की ही थी बेटे ने बताया कि उनके पैर में तीन-चार महीने पहले से चोट लगी थी वह ठीक नहीं हो रही थी शुगर के पेशेंट थे जिसकी वजह से परेशान रहते थे। उनके 3 पुत्र और एक पुत्री है पत्नी निर्मला यादव का रो रो कर बुरा हाल है। उन्होंने आत्महत्या की या हादसे का शिकार हुए, इस बारे में परिवार के लोग कुछ नहीं बता पा रहे हैं। थाना प्रभारी कीडगंज राममूर्ति यादव ने बताया कि नए पुल के नीचे यमुना में एक अथेड़ व्यक्ति की लाश पाई गई है वह 18 जून से लापता था आशंका है कि उसने सुसाइड किया है, बाकी जांच के बाद सारी चीजें क्लियर होंगी।

### सरस्वती हार्ट केयर आईसीयू में महिला मरीज की अंगूठी गायब

**प्रयागराज।** टैगोर टाउन स्थित सरस्वती हार्ट केयर में भर्ती एक महिला के जेवरात हो गए चोरी जेवरात चोरी करने वाले कोई और नहीं बल्कि अस्पताल में कार्यरत पैरामेडिकल स्टॉफ शामिल थे इसका खुलासा तब हुआ जब महिला मरीज की मौत हो जाती है और शव को परिवार वालों को सौंप दिया गया। परिवार वालों ने हंगामा शुरू कर दिया और स्टाफ पर जेवरात चोरी के आरोप लगाने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो पता चला कि पैरामेडिकल स्टॉफ ने ही अंगूठी निकाली है इसके बाद पुलिस ने अंगूरठी वापस कराई और मामला शांत कराया अस्पताल प्रशासन ने संबंधित पैरामेडिकल स्टाफ को अस्पताल से बाहर भी कर दिया है दरअसल, हंडिया के रहने वाली मालती देवी की तबीयत बिगड़ने पर उसे टैगोर टाउन स्थित सरस्वती हार्ट कॅयिर में भरती कराया गया था आईसीयू में ही उनका इलाज चल रहा था इलाज के दौरान ही तबीयत बिगड़ने लगी और महिला की मौत हो गई अस्पताल के कर्मचारियों ने शव को परिवार वालों को सौंप दिया परिवार वालों की नजर जब अंगुली पर पड़ी तो उन्होंने अंगूठी के बारे में पूछा लेकिन अस्पताल कर्मियों ने साफ मना कर दिया परिवार वालों ने हंगामा शुरू कर दिया पुलिस मौके पर पहुंची और अंगूठी वापस कराई अस्पताल के मैनेजर सौरभ का कहना है कि अंगूठी वापस करा दिया गया है अंगूठी निकालने वाले पैरामेडिकल स्टॉफ को अस्पताल से निष्कासित कर दिया गया है।



पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो पता चला अंगूरठी वापस कराई और मामला शांत कराया

# महापौर पार्षद ब्लॉक प्रमुख अभिनंदन समारोह संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी श्री सुमंगलम परिसर चांडी मैं नवनिर्वाचित प्रयागराज के महापौर एवं यमुनापार के सभी पार्षद गणों एवं ब्लॉक प्रमुखों तथा ग्राम प्रधानों का अभिनंदन समारोह संपन्न हुआ इस समारोह में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रयागराज डॉ बीके सिंह विशिष्ट अतिथि प्रयागराज महानगर के महापौर गणेश केसरवानी प्रयागराज की संसद सदस्य प्रोफेसर डॉ रीता बहुगुणा जोशी एवं करछना विधानसभा के पूर्व विधायक दीपक पटेल सम्माननीय अतिथियों में उपस्थित थे । आप सभी का सुमंगलम परिसर में माला पहना कर एवं शाल ओढ़ाकर कि मैं मोमेंटो देकर स्वागत सम्मानित किया गया इसके बाद सभी सम्माननीय अतिथि गण उपस्थित पार्षद गण ग्राम प्रधान ब्लाक प्रमुख को माला पहना कर एवं अंगवस्त्रम देकर तथा मोमेंटो प्रदान कर स्वागत सम्मानित किए। इस अवसर पर जिला

## कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा भारती प्रयाग विभाग के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्री सुमंगलम कि अभिभावक सुजीत सिंह द्वारा भाव पूर्ण तरीके से किया गया




पंचायत अध्यक्ष डॉ वीके सिंह ने प्रकल्प के लिए कहा कि जितना सहयोग किया जाए वह कम ही है उपस्थित सभी महानुभाव से उन्होंने आग्रह किया कि आप अपने पारिश्रमिक का कुछ अंशदान प्रकल्प के लिए अवश्य दें इसके लिए उन्होंने शास्त्रों का भी उदाहरण दिया। महापौर गणेश केसरवानी ने भी हरसंभव सहयोग एवं प्रकल्प के अनवरत प्रगति की कामना की इच्छा व्यक्त की इस अवसर पर प्रयागराज की सांसद ने प्रकल्प के संस्थापक अरविंद के इस सेवा कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की उन्होंने कहा कि लोग सारा जीवन धन कमाने में लगाते हैं लेकिन अरविंद अपना सारा जीवन केवल और केवल लोगों की सेवा में लगा रहे हैं या बहुत ही पुण्य कार्य है इसके लिए मैं साधुवाद एवं बहुत-बहुत शुभकामनाएं देती हो। कार्यक्रम में उपस्थित करछना के पूर्व विधायक दीपक पटेल ने भी प्रकल्प के अनवरत सहयोग के लिए वचन दिया और उन्होंने कहा कि हम हर समय इस प्रकल्प की जिम्मेदारी को निभाने को तैयार हूं। इस अवसर पर सेवा आयाम कौशलम् की बहनों को प्रमाण पत्र भी सांसद महोदया ने अपने कर कमलों द्वारा वितरित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा भारती प्रयाग विभाग के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्री सुमंगलम कि अभिभावक सुजीत सिंह द्वारा भाव पूर्ण तरीके से किया गया। स्वागत भाषण परिसर का छात्र योगेंद्र ने किया कार्यक्रम के अंत में आभार सुजीत सिंह ने दीया।

# नैनी के सब्जी मंडी के पास स्थित शिव मंदिर की सीढ़ियों पर मिला शव

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के सब्जी मंडी स्थित शिव मंदिर की सीढ़ियों पर सोमवार को युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के मुह से झाग निकल रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जेब में मिले डॉक्टर के पर्चे से उसकी शिनाख्त की औद्योगिक थाना क्षेत्र के लवायन खुद, चटकहना गांव के रहने वाले अरविन्द कुमार द्विवेदी (40) का शव सब्जी मंडी के पास स्थित शिव मंदिर की सीढ़ियों पर मिला। सूचना पर नैनी पुलिस भी पहुंच गई पुलिस ने मृतक की तलाशी कराई तो उसकी जेब मे डॉक्टर



का पर्चा मिला। मामले में नैनी प्रभारी इंस्पेक्टर मोहम्मद अली ने बताया की मृतक की जेब से शराब की शीशी मिली थी। मौत कैसे हुई, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा।

# स्नान के बाद जल भरने गया युवक गंगा में डूबा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** हनुमानगंज क्षेत्र के भोजापट्टी लीलापुर गंगा घाट पर गंगा स्नान करने आया एक युवक गहरे पानी में समा गया। स्नान करने के बाद जल भरते समय उसका पैर फिसल गया। इससे वह गहराई में चला गया। साथ में स्नान कर रहे युवक की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंच गए। गोताखोरों ने कई घंटे तक खोजबीन की लेकिन उसका पता नहीं चला।हंडिया थाना क्षेत्र के ढोकरी गांव निवासी अमरजीत पटेल उर्फ दीपू (20) पुत्र ओम प्रकाश अपने पड़ोसी अशोक के साथ गंगा स्नान करने के लिए भोजापट्टी लीलापुर गंगा घाट पर गया था। स्नान करके बाहर आने के बाद वह जल भरने के लिए गया था। इसी दौरान पैर फिसलने वह गहरे पानी में चला गया। देखते ही देखते पानी में समा गया। साथ



में स्नान कर रहे अशोक के शोरगुल मचाने पर बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए। सूचना पाकर हंडिया और सरायइनायत थानों की पुलिस गोताखोरों के साथ घाट पर पहुंची। काफी खोजबीन की गई लेकिन पता नहीं चला। अमरजीत पटेल गुड़गांव हरियाणा में मारुति कंपनी में काम करता है। एक सप्ताह की छुट्टी लेकर वह घर आया था। सोमवार को उसको ड्यूटी पर वापस लौटना था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, कहा–गिरफ्तारी से पहले तक दी जा सकती है अग्रिम जमानत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार को बड़ा फैसला सुनाया। कहा,"आरोप पत्र दाखिल होने या अदालत द्वारा आरोप पत्र पर संज्ञान लेने के आधार पर अग्रिम जमानत अर्जी खारिज नहीं की जा सकती। गिरफ्तारी होने से पहले तक अग्रिम जमानत दी जा सकती है। इसी के साथ कोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को सही नहीं माना और रद्द कर दिया। कानूनी स्थिति को किसी भी तरह से तोड़–मरोड़ कर पेश करने की अनुमति नहीं : यह आदेश जस्टिस नलिन कुमार श्रीवास्तव ने अलीगढ़ के डॉ. कार्तिकेय शर्मा व दो अन्य की अग्रिम जमानत अर्जी को स्वीकार करते हुए दिया है। माम कोर्ट ने निचली अदालत द्वारा चार्जशीट दाखिल होने के कारण अग्रिम जमानत निरस्त किए जाने के आदेश को सही नहीं माना। कहा कि कानूनी स्थिति को किसी भी तरह से तोड़–मरोड़ कर पेश करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।याची और उसके माता–पिता के खिलाफ उसकी पत्नी डॉ. पल्लवी शर्मा ने अलीगढ़ के क्वारसी थाने में दहेज उत्पीड़न के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि रिकॉर्ड पर ऐसा कुछ नहीं है कि जिससे ऐसा लगे कि याची ने जांच में सहयोग नहीं किया है।सरकार का कहना था कि याचियों के खिलाफ सीआरपीसी की धारा–82 के तहत कुर्की कार्रवाई शुरू हो चुकी है। याचियों की ओर से कहा गया कि 82 की कार्रवाई होने से पहले ही उनकी ओर से अर्जी दाखिल कर दी गई थी। कोर्ट ने कहा कि पहले से ही व्यवस्था है कि कोई भी आरोपी गिरफ्तारी से पहले अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल कर सकता है और कोर्ट उसे अग्रिम जमानत दे सकती है।

# कांग्रेसियों ने केक काट कर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मऊआइमा के बांका जलालपुर में कांग्रेस कार्यकताओं के द्वारा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर केक काटकर तथा मिठाई व फल वितरण कर जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय सदस्य अशफाक अहमद ने कहा कि 2024 का चुनाव कांग्रेस और भाजपा के बीच होगा एक तरफ धर्म के आधार पर देश को बांटा जा रहा है दूसरी ओर कांग्रेस भाईचारा कायम रखने के लिए तथा देश में सौहार्द वातावरण बनाए रखने के लिए राहुल गांधी ने 3500 किलोमीटर की पदयात्रा की डा.जगत नारायण सिंह ने कहा कि राहुल गांधी एक निडर नेता जो भारत को एकजुट रखने की अटूट प्रतिबद्धता रखते हैं जो प्यार में अटूट विश्वास रखते हैं ऐसा प्यार जो माफ करने भरोसा करें उम्मीद करने और तमाम मतभेद को गले लगाने को तैयार जिन्होंने मोहब्बत की मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने किसान विरोधी कानून वापस लिए परंतु न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं आया। भाजपा के 9 साल पूरे होने पर सिंह ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश को आर्थिक तंगी की ओर ले गए हैं। रश्मिता दुबे ने कहा कि भाजपा की गलत नीतिगत व्यवस्थाएं देश की जनता के साथ झूठे आश्वासनों से देश का किसान, युवा, व्यापारी अपने आप को छला महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा



कि देश में बढ़ती हुई महंगाई व बेरोजगारी के लिए केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार जिम्मेदार है। कार्यक्रम के संचालन कर रहे समसुल कमर ने कहा कि कि आज प्रदेश में अपराध चरम सीमा पर है अपराधी बेलगाम हो गए हैं। कांग्रेस नेता आरती राकेश ने कहा कि कुकिंग गैस,डीजल, पेट्रोल,में वृद्धि से जनता बेहाल है। इस अवसर पर मोहम्मद शमीम प्रधान, सुनीता देवी,किरन देवी,सुमन देवी, नन्हे भाई,मन्ना देवी,बिट्टन देवी,,मोहम्मद सद्दाम, कमला देवी, मनीषा देवी, राजाराम, रंजीत कुमार, समीर गौतम, बेचनी, जसोदा देवी, फुटटन देवी, आरती देवी, गुडडी देवी, राज कुमारी, बन्ने भाई, गुलजार, तौसीफ, अली अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।

# लालगंज सर्किल में युवक सहित पिता पुत्र की दुर्घटना में मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज सर्किल क्षेत्र में अलग अलग दुर्घटनाओं में युवक तथा पिता-पुत्र की दर्दनाक मौतों से सोमवार को इलाका दहल उठा। पहली घटना लालगंज कोतवाली के अमावां के समीप बाइक असंतुलित होने से हुई।

सांगीपुर थाना के पिचूरा गांव निवासी राजनाथ शर्मा का पुत्र अविनाश शर्मा 28 अपने दोस्त गांव के ही भगवानदीन के पुत्र अंजनी गुप्ता के साथ बाइक से रविवार की देर शाम अमावां बाजार आया था। देर रात अविनाश घर को निकला तो अमांवा बाजार से थोड़ा आगे लालगंज सांगीपुर रोड पर मण्डी शेड के समीप बाइक असंतुलित होकर पलट गयी। दुर्घटना में चोट अधिक लगने से अविनाश शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। हालांकि साथी अंजनी को आंशिक चोटें आयीं। सूचना मिलने पर लालगंज प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल घटनास्थल पर पहुंचे।

पुलिस घायल को लालगंज ट्रामा सेण्टर ले आयी। यहां चिकित्सकों ने अविनाश को मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे तीन वर्षीय मासूम पुत्र अंशू को छोड गया है। वहीं दुर्घटना मे पति की मौत की जानकारी होने पर पत्नी अंजू समेत परिजनों मे कोहराम मच गया। अविनाश मुम्बई में परिवार के भरण पोषण के लिए रहता था। हाल ही में वह मुम्बई से गांव आया हुआ था। इधर काल के क्रूर चक्र ने एक और दर्दनाक हादसा से लोगों का दिल दहला दिया। टैज्क्टर की चपेट मे आने से पिता और पुत्र की एक साथ मौत हो गयी।

हालांकि नियति को इतना रहम जरूर आया कि दुर्घटना मे मासूम हल्की चोट से बच गया। पडोसी जिले रायबरेली के केमलपुर बरेंठा जगतपुर निवासी सुनील कुमार 35 अपने तीन वर्षीय बेटे सूर्यांश का इलाज कराने के लिए पिता दिनेश प्रसाद 60 के साथ सोमवार की सुबह पडोसी जिले अमेठी जा रहा था। प्रतापगढ़ के सांगीपुर थाना के आहरबीहर गांव के समीप बाइक से सुनील पहुंचा कि सामने से लकड़ी लादकर आ रहे टैज्क्टर ट्राली ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया। मासूम समेत बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिर गये। इस बीच टैज्क्टर की ट्राली का पहिया पिता पुत्र के सिर को कुचलता हुआ आगे निकल गया। संयोग थोडा यह ठीक निकला कि मासूम सूर्यांश टैज्क्टर के बीच में आ गया। ग्रामीणों की सहायता से घायलों को आननफानन मे सांगीपुर सीएचसी लाया गया। यहां चिकित्सकों ने सुनील व उसके पिता दिनेश को मृत घोषित कर दिया। मासूम का अस्पताल में इलाज जारी बताया गया है। मृतक सुनील दो भाई था। बडा भाई सूरत में कारोबारी के सिलसिले मे रहता है। वहीं मृतक सुनील जगतपुर बाजार में ठेले पर चाट लगाया करता था। उदयपुर एसओ निकेत भारद्वाज का कहना है कि चालक फरार हो गया। टैज्क्टर ट्राली को कब्जे मे लेकर थाने लाया गया है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों मे महिला की मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मनोरोगी महिला की संदिग्ध परिस्थितियों मे मौत हो गयी। लालगंज कोतवाली के बीजूमऊ निवासी नागेश सरोज की पत्नी अगाईन (50) रविवार की शाम घर से खाना खाकर खेत के लिए निकली। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक मृतका खेत में बेरन लगवाए जाने की बात कही थी। सोमवार की सुबह मृतका का पति नागेश खेत पहुंचा तो वहां पेड़ से पत्नी का शव लटकता देख दंग रह गया। नागेश ने पुलिस को लिखित सूचना देते हुए मृतका के मनोरोगी होने की बात कही है। फिर भी खेत में पेड़ में शव लटकने को लेकर पुलिस जांच मे जुटी हुई बतायी जाती है। पति की सूचना पर मौके पर पहुंची लालगंज पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए भेजवाया है। मृतका के एक बेटा व एक बेटी दोनों शादीशुदा बताए जाते हैं। पुत्र अजीत भटठे पर कामगार है। मृतका के बेटे अजीत को हादसे की सूचना भेजवायी गयी है। इधर मृतका के परिजनों का भी रो रो कर बुरा हाल देखा गया। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## ईट भट्ठा पर मजदूरी करने गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, कोहराम

### पुलिस के समझाने पर परिजनों ने किया अंतिम संस्कार

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के लाटतारा पूरे हुलास राय गांव निवासी राजकुमार पटेल पुत्र मिट्ठू लाल पटेल (30) वर्षीय जीविकोपार्जन के लिए राजस्थान प्रांत के हनुमानगढ़ में ईट भट्टे पर मजदूरी करने गया था। जहां पर 3 दिन पहले उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

मृतक के पिता मिट्ठू लाल पटेल राजस्थान के दूसरे जनपद में ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। जानकारी होने पर वह हनुमानगढ़ पहुंचा तब उसे जानकारी हुई कि उसे कुएं में गिराकर मारा गया है। आर्थिक तंगी के कारण वह वहां पर कोई विधिक कार्रवाई नहीं कर सका, जिसके कारण मृतक बेटे का शव लेकर घर वापस आ गया शव के साथ में आए रायबरेली जनपद के सलवन कस्बा निवासी रिश्तेदार मिस्त्री शव के घर पहुंचते ही चुपके से फरार हो गया। शव को देख पत्नी मालती देवी समेत परिजनो मे चीख पुकार मच गई शव के साथ मे आये युवक जब लोग ढूंढने लगे तो उसका कहीं अता पता नहीं चला तो परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया और कहने लगे कि जब तक हत्यारे के खिलाफ मुकदमा तथा उसकी गिरफ्तारी नहीं होगी तब तक अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर अंतिम संस्कार के लिए राजी किया। बहरहाल परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।

## प्रताप बहादुर अस्पताल में लगे कूलर बने शोपीस

### भीषण गर्मी में वार्डों के कूलर हैं खराब, नहीं है किसी का ध्यान

**अखंड भारत संदेश**



वार्ड में पेडेस्टल फैन लगाकर गर्मी से निजाते पाते मरीज।

**प्रतापगढ़।** राजकीय मेडिकल कालेज का प्रताप बहादुर अस्पताल में नया भवन तो बन गया और मरीज भी वार्डों में षिफ्ट हो गये हैं लेकिन लापरवाही के चलते मरीजों को इस भीषण गर्मी में ठंडी हवा नहीं मिल पा रही है। वार्डों के अंदर कूलर लगे हैं लेकिन वह केवल शोपीस हैं। बताया जाता है कि कूलर खराब है। गर्मी से बेहाल मरीज अपने घरों से पेडेस्टर फैन लगाकर चला रहे हैं।

खास बात यह है कि चिकित्सकों के कक्षों में तो एसी लगी है लेकिन मरीजों के वार्डों में कूलर खराब है। इस ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। इसके अलावा नये भवन में मरीजों का पर्चा बनने लगा है। इसके लिये रोज लम्बी-लम्बी लाइनें लगी रहती हैं। यहां एक भी पंखा नहीं है। लोग घंटों लाइन लगकर भीषण गर्मी में पर्चा बनने का इंतजार करते हैं। इस ओर भी राजकीय मेडिकल कालेज से सम्बद्ध होने के बावजूद ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लोगों का कहना है कि नया भवन तो बन गया लेकिन सुविधाओं का अभी टोटा बना हुआ है। वार्डों में रखे कूलर केवल शोभा बढ़ा रहे हैं। इस गर्मी में इसका लाभ मरीजों को नहीं मिल पा रहा है। इस बारे में प्रताप बहादुर अस्पताल के अधीक्षक से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका फोन लगातार इंगेज रहा।

## पार्कों की साज सज्जा को बच्चा बैंक की पहल, सौंपा ज्ञापन

### कंपनी गार्डन, बाबागंज न्यू कालोनी और चिलबिला पार्क की रौनक लौटाने का प्रयास तेज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पार्कों में नन्हें मुन्ने चहके। झूले और फौवारे का आनंद ले सके। उनको पशु पक्षियों को नजदीक से देखने का मौका मिले। इसके लिए बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी ने नगर पालिका परिषद और वन विभाग के अधिकारियों से मिलकर पार्कों की बदहाली दूर करने, उनकी साज सज्जा की मांग को लेकर सोमवार को ज्ञापन दिया है। जिसमें अधिकारियों ने इसमें अथक प्रयास का भरोसा दिया है।

कम्पनी बाग, न्यू कालोनी बाबागंज और चिलबिला साई बाबा कुटी मार्ग पर स्थित पार्क में बच्चों के खेलने कूदने का पर्याप्त इंतजाम नहीं है। कम्पनी बाग और बाबागंज पार्क में अधिकांश झूले टूटे हुए हैं। गर्मी की छुट्टी है ऐसे में परिवार संग पार्क का मजा लेने आ रहे बच्चों को मायूस होना पड़ रहा है। उनकी चेहरे पर मुस्कान बनी इसके लिए बच्चा बैंक फ्रेंड्स ने प्रयास किया है। सोमवार को ग्रुप की तरफ से नगर पालिका परिषद बेल्हा के ईओ और वन विभाग में डीएफओ के न मिलने पर उप प्रभागीय निदेशक को ज्ञापन दिया गया। दोनो अधिकारियों ने समस्या को दूर करने का विश्वास दिया है। इस मौके पर अश्वनी केसरवानी, वीके तिवारी, शनि सरोज, मोहम्मद अनीश, प्रदीप यादव, शानू समेत ग्रुप के कई साथी मौजूद थे।

## चार दिवसीय बजरंग काशी प्रांत का प्रशिक्षण का हुआ समापन



बजरंग काशी प्रांत प्रशिक्षण में मौजूद पदाधिकारीगण।

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत मानिकपुर के सन राइज गार्डन में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद,राष्ट्रीय बजरंग काशी प्रांत का 4 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 जून से 18 जून तक मानिकपुर के सन राइज गार्डेन में समापन हुआ जिसमें कई जिलों के प्रशिक्षार्थियों ने पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण लिया। इस प्रशिक्षण शिविर के मुख्य अतिथि केंद्रीय क्षेत्र महामंत्री ईश्वरी प्रसाद रहे।

इस प्रशिक्षण वर्ग में 3 दिन तक रहकर प्रशिक्षण का कार्य देखने वाले (अहिप) के प्रांत महामंत्री तरुण शुक्ल, प्रांत संगठन मंत्री, संजय दुवे, राष्ट्रीय बजरंग के प्रांत अध्यक्ष नरेन्द्र शास्त्री, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू के प्रांत उपाध्यक्ष मिश्रीलाल विश्वकर्मा, विभाग महामंत्री (अहिप) सुधीर शुक्ल, राम प्रकाश गुप्ता, लवकुश जायसवाल, अर्जुन मौर्य, रमेश सिंह, यशराज मिश्र, अनुराग भट्ट व अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता, प्रशिक्षार्थी एवं मानिकपुर चेयर मैन आशुतोष जायसवाल डिंपू के साथ अन्य सहयोगियों ने कार्यक्रम को संपन्न कराया।

## आज आएंगे काशी क्षेत्र अध्यक्ष

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल का प्रथम आगमन भाजपा कार्यालय प्रतापगढ़ में 20 जून को होगा। क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल मोदी सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने पर घर घर महासंपर्क अभियान की शुरूआत और एक बैठक जिला कार्यालय एवं लाभार्थी सम्मेलन सदर विधानसभा में मौजूद रहेंगे। यह जानकारी जिला प्रवक्ता राघवेंद्र शुक्ल ने दी।

## बच्चों ने काली मेघा खेलकर बारिश के लिए की गुजारिश

### इंद्रदेव से बारिश करने की लगाई गुहार

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मौसम के उलटफेर से लोग परेशान, इंद्र देवता गुजारिश करने लगे हैं जहां पारा 44 सेंटीग्रेड पहुंच चुका है वहीं अब किसानों के लिए पानी की सख्त आवश्यकता है ऐसे में काले मेघा खेल पर बच्चों ने इंद्रदेव से बारिश करने की गुजारिश की है।

मौसम के उलटफेर से लोग परेशान है। ऐसे में आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के तिविपुर गांव में छोटे-छोटे बच्चों ने इंद्र देव को खुश करने के लिए सोमवार को कीचड़ में खेलकर एक टोटका किया है। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए आस्था और विश्वास है कि कीचड़ में लोटपोट करने व इंद्र देव से पानी बरसाने की मांगने पर इंद्र देव प्रसन्न होकर बारिश देते है। ऐसे में तिविपुर के बच्चों ने भी कीचड़ में खेलकर इंद्र देव से पानी बरसाने की गुहार लगाई है। ग्रामीण मुन्ना वर्मा भल्लू वर्मा बड़े लाल वर्मा तुलसी राम पाल संजय वर्मा सोनू वर्मा आदि ने बताया कि यह हरि दंड है जो पुरा कर देने पर निश्चित ही बारिश होती है। यह परंपरा हम लोगों के पूर्वजों के समय से आ रहा है, जिसे आज भी हमारे गांव के बच्चे प्राचीन परंपरा का निर्वहन करते आ रहे हैं। ऐसा करने से इंद्रदेव की कृपा से वर्षा का होना तय है। इसी उद्देश्य से ये बच्चे वस्त्र विहीन होकर प्रत्येक द्वार पर कीचड़ में लोटते है और गृह स्वामी उनपर पानी डालते है।

## बाइक की आमने-सामने की टक्कर में चार जख्मी

**अखंड भारत संदेश**


**पट्टी, प्रतापगढ़।** आमने सामने की बाइक की टक्कर में उस पर सवार चार लोग बुरी तरीके से जख्मी हो गए। मौजूद लोगों ने सभी को अस्पताल पहुंचाया जहां से सभी को जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। कंधई थाना क्षेत्र के जैंतीपुर गांव के निवासी शक्तिमान (18) साल के शेर बहादुर अपने एक साथी के साथ बेटे रामू निवासी जैतीपुर मोटरसाइकिल से कंधई थाना क्षेत्र के मंगरौरा बाजार खरीदारी करते थे, उसी में गांव के नजदीक के सामने से रह रहे आमसौना गांव के निवासी उमेश कुमार (28) साल के बेटे राम विष्णु व पीछे बैठे श्याम सिंह (22) साल के बेटे प्रेमचंद की गाड़ी से टक्कर होने पर चारों लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगो ने 108 एम्बुलेंस से स्वास्थ्य केंद्र बाबा बेलखरनाथ को भेजा जिसमें शक्तिमान और उमेश की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घटना कंधई थाना क्षेत्र के कहनियां मोड़ के पास रविवार की रात लगभग पौने नौ बजे के करीब है।

## लालगंज तहसील का नाम स्वामी करपात्री नगर हो: सांसद

### ग्राम प्रवास के दौरान सांसद ने उठाई मांग, बढ़ी हलचल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लालगंज तहसील का नाम बदलकर धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी नगर करने की भाजपा सांसद संगम लाल गुप्ता ने मांग की है। बता दें कि स्वामी करपात्री जी के पैतृक गांव में प्रवास के दौरान प्राथमिक विद्यालय भटनी में आयोजित समारोह में सांसद ने यह आवाज उठाई।



स्वामी करपात्री महराज (फाइल फोटो)

बता दें कि भारत के महान सन्तों में एकमात्र धर्म सम्राट की उपाधि से विभूषित सन्त रहे करपात्री जी मूल रूप से जनपद प्रतापगढ़ के लालगंज तहसील के भटनी गाँव के निवासी हैं। करपात्री जी हरिहरानन्द स्वामी का अपने हाथ (कर) में ही प्रसाद लेकर ग्रहण करने के कारण करपात्री जी के नाम से विख्यात हुए थे। गो हत्या बंदी आंदोलन में संसद के घेराव में हुई गोलीबारी से सन्तों के हताहत पर तत्कालीन प्रधानमंत्री को इन्होंने श्राप दिया था। दुनिया के प्रख्यात सन्तों में शुमार करपात्री जी अपने ही गृह जनपद में बेगाने रहे। बता दें कि प्रतापगढ़ के रानीगंज में इंटरमीडिएट और पूरे गोसाई के राजकीय डिग्री कालेज को स्वामी जी का नाम दिया गया है। सांसद संगम लाल गुप्ता ने भटनी में मनरेगा पार्क, अमृत सरोवर और ओपेन जिम भी स्थापित करने की घोषणा की। मनरेगा पार्क, ओपन जिम, खेल के मैदान और अमृत सरोवर हेतु प्रवास के दौरान ही राजस्व विभाग ने भूमि का चिन्हांकन किया। सांसद की इस पहल पर सियासी हलचल तेज हो गई है।

## टेन्ट हाउस गोदाम मे भीषण आग लगने से लाखो रुपये का सामान जलकर हुआ खाक

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** हथिगवा थाने के समसपुर मे रविवार की रात लगभग आठ बजे टेन्ट गोदाम मे आग की लपटे देखकर हड़कंप मच गया घटना की सूचना आस पास के लोगो ने दुकान मालिक डा० कैलाश यादव व फायर बिग्रेड के साथ हथिगवा पुलिस को दिया जब तक कुंडा व देवली की फायर ब्रिग्रेड व पुलिस पहुँचती तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया। समरसेबल के पानी व फायर बिग्रेड की काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया तब तक गोदाम के अंदर रखा शादी विवाह का सभी सामान जलकर राख मे तब्दील हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही हथिगवा थाना प्रभारी संतोष सिंह अपने स्टॉफ को लेकर मौके पर पहुँचे। आगजनी मे लगभग 75 लाख रुपये का नुकसान बता रहे हैं।

## उद्योग व्यापार मण्डल ने गोपाल मंदिर में किया योगाभ्यास

### 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योगा दिवस मनाने की अपील

**अखंड भारत संदेश**



गोपाल मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में बोलते अध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी।

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी के नेतृत्व में सोमवार की सुबह छह बजे से श्रीराम तिराहा के गोपाल मंदिर प्रांगण में 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योगा महोत्सव को बढ़-चढ़कर मनाने हेतु व्यापारी समुदाय के साथ योगाभ्यास का कार्यक्रम संपन्न कराया। योगाभ्यास कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संजय सोनी ने किया।

इस व्यापारी योगाभ्यास कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार केसवानी के आमंत्रण पर जनपद की प्रमुख विभूतियां पतंजलि राज्य प्रभारी दुर्गेश सिंह, भारत स्वाभिमान अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह एवं सैनिक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष कैप्टन शर्मा मौजूद रहे। तदोपरांत व्यापारी योगाभ्यास कार्यक्रम में व्यापारियों को योगाचार्य यजुवेंद प्रताप सिंह, योग प्रशिक्षका बहन चेतना मिश्रा, एवं योग प्रशिक्षक धीरज उपाध्याय व अभय खंडेलवाल तथा आलोक मिश्र ने योग प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम के समापन में जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी ने उपस्थित समस्त आगंतुकों व प्रशिक्षकों एवं व्यापारियों का धन्यवाद किया। इस मौके पर गोपाल मंदिर पुजारी रमाकांत तिवारी, प्रवीण कुमार, पुनीत कुमार, सुरेश चंद्र केसरवानी, सुनील जायसवाल, सुधीर केसवानी, खदान, पवन, शंकरलाल, अरविंद जैन, केसरी लाल मौर्य, मनीष केसरवानी गुंजन, प्रवीण तिवारी, रितेश कुमार केसरवानी, आशीष सिंह, राम शिरोमणि मिश्र, संजीव जायसवाल, प्रदीप यादव, अमित केसरवानी, स्वप्नील जयसवाल, विजय कुमार, दीपक केसरवानी, दिनेश, रामबाबू केसरवानी, दिवेश, सरदार वशिंदर सिंह, जगदीश मौर्य, संजय केसरवानी, अशोक केसरवानी, गुलाब चंद्र सोनी, नारायण खंडेलवाल, अशोक केसरवानी (अजीत नगर वाले) आदि अन्य लोग उपस्थित रहे।

## अराजक तत्वों ने रिहायशी छप्पर में लगाई आग

**पट्टी, प्रतापगढ़।** अराजक तत्वों ने हरियाली छप्पर में आग लगा दी जिससे हजारों का सामान आग लगने के कारण जलकर खाक हो गया। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र पूरे दलपत शाह निवासी कृष्ण कुमार चैहान अपने पड़ोसी की बाइक ले कर अपने रिश्तेदार के घर गया था। देर रात रिश्तेदार के घर से वापस आकर घर के बगल बने छप्पर में पड़ोसी की मोटरसाइकिल रखकर सोने चला गया कि अचानक एक बजे के करीब छप्पर में से ऊंची ऊंची आग की लपटें उठने लगी। छप्पर से दस मीटर की दूर पर सो रहे कृष्ण कुमार शोर लगाने लगा। हल्ला गुहार करने पर आसपास के लोग इक्कठा हो गए। छप्पर के पास से चार लोग जंगल की तरफ भाग रहे थे। भाग रहे लोगों का पीछा किया तो अंधेरे का फायदा उठाकर चारों लोग जंगल की तरफ भाग निकले। आग लगने के कारण छप्पर में रखा मोटरसाइकिल, साइकिल, कपड़े, अनाज, बैग में रखा पांच हजार रुपये आदि समान जल कर राख हो गया। घटना की सूचना पीड़ित ने फायर ब्रिगेड के साथ आसपुर देवसरा पुलिस दी।

## अनिल कुमार निलय को मिलेगा तुरशन पाल पाठक विज्ञान पुरस्कार

### साहित्यिक संस्था सृजना ने आयोजित किया सम्मान समारोह

**अखंड भारत संदेश**




अनिल कुमार को सम्मानित करते संस्था के पदाधिकारी।

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में सृजना कुटीर अजीतनगर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन राजकीय हाईस्कूल सराय आनादेव प्रतापगढ़ के विज्ञान शिक्षक एवं साहित्यकार अनिल कुमार निलय की पुस्तक साइंस-वाइंस के विज्ञान परिषद् प्रयाग द्वारा तुरशन पाल पाठक विज्ञान पुरस्कार 2023 राज्य पुरस्कार हेतु चयनित होने के उपलक्ष्य में किया गया। साइंस-वाइंस एक बाल कहानी संग्रह है जिसमें विज्ञान के 18 सिद्धांतों एवं नियमों को बाल कहानियों के रूप संकलित किया गया है।1913 में स्थापित विज्ञान परिषद् प्रयाग के वर्तमान प्रधानमंत्री डॉ० शिव गोपाल मिश्र ने उक्त पुरस्कार की घोषणा पत्रिका विज्ञान के जून 2023 के अंक में प्रकाशित करते हुए बताया है कि पुरस्कार स्वरूप पांच हजार रुपए की धनराशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। मुख्य अतिथि एलायंस क्लब के अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक रोशनलाल ऊमरवैश्य ने कहा कि बाल साहित्य सबसे महत्वपूर्ण साहित्य है। निलय का तुरशन पाल पाठक विज्ञान पुरस्कार 2023 हेतु चयन जनपद के लिए गर्व का विषय है। समारोह में प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम, श्रीनाथ मौर्य सरस, कुंजबिहारी काकाश्री, राधेश्याम दीवाना आदि साहित्यकारों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### छेड़खानी से आजिज परिवार आत्महत्या करने को मजबूर

**चरवा कौशाम्बी।** नगर पंचायत चरवा के बाबा तारा गांव की दलित महिला किरन देवी पत्नी राम भवन पासी ने दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में यह बताया है कि गांव का ही मन चला युवक आए दिन रास्ते में छेड़खानी करता है तथा रास्ता चलना दूभर कर दिया है! मनचला युवक आए दिन अपने फोन से फोन लगाता है तो पीड़ित महिला भयभीत हो कर फोन नहीं उठाती है तो मनचला युवक दूसरे नंबर से फोन कर के धमकी देता है कि अगर तुम मुझसे अभी नहीं मिली तो तुझे व तेरे पति को जान से मार दूंगा! मनचला युवक की प्रताड़ना से आजिज हो कर पीड़ित महिला ने स्थानीय थानाध्यक्ष चरवा को लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है! मनचला युवक की हरकत से पीड़ित महिला बहुत डरी सहमी है ! पीड़ित महिला ने स्थानीय थानाध्यक्ष चरवा से मिल कर कहा कि अगर योगी आदित्यनाथ की सरकार में मुझे न्याय नहीं मिला तो मैं अपने परिवार सहित आत्महत्या कर लूंगी! मनचला युवक की पत्नी व भयाहू रेशमा रविवार के दिन दोपहर करीब 1:30 बजे लाठी डण्डा से लैस होकर पीड़ित महिला के घर पहुंची तो पीड़ित महिला अपने पति के इलाज हेतु बूंदा बरेठी थाना पिपरी चली गयी थी! पीड़ित महिला के मौजूद न होने पर छोटे छोटे बच्चों को जान से मारने की नियत से दौड़ा लिया! बच्चे किसी तरह अपनी जान बचाकर कर भाग गए।

# ट्रैक्टर लेकर निकला नौसिखिया चालक ट्रैक्टर पलटने से हुई मौत

**ट्रैक्टर चालक की मौत के पीछे ट्रैक्टर मालिक पूरी तरह से दोषी बताए जा रहे हैं**

अखंड भारत संदेश

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना अंतर्गत मूरतगंज चौकी क्षेत्र के इमामगंज के पास ट्रैक्टर लेकर जा रहा नौसिखिया ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर पलटने से वाहन के नीचे दब गया जिससे नौसिखिया ट्रैक्टर चालक की मौत हो गयी है मौत की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। जानकारी के अनुसार गुड्डू उम्र 28 वर्ष पुत्र दशरथ लाल निवासी ग्राम टिकरी थाना पुरामुफ्ती जनपद प्रयागराज सोमवार की सुबह लगभग 6 बजे



ट्रैक्टर में सामान लेकर इमामगंज आए थे सामान पहुंचाने के बाद नौसिखिया ट्रैक्टर चालक गुड्डू ट्रैक्टर लेकर वापस जा रहा था जैसे ही नौसिखिया ट्रैक्टर चालक इमामगंज के पास पहुंचा वाहन अनियंत्रित हो गया और सड़क पर पलट गया इससे ट्रैक्टर का नौसिखिया चालक उसी ट्रैक्टर के नीचे दब गया और उसकी तड़प-तड़प कर मौत हो गई है मृतक चालक के तीन बच्चे दीपक पांच वर्ष महिमा तीन वर्ष दीक्षा डेढ़ वर्ष और उसकी पत्नी घटना की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते मौके पर पहुंची है हादसे की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर मूरतगंज चौकी प्रभारी गौरव कुमार त्रिवेदी पहुंचे हैं और ट्रैक्टर के नौसिखिया चालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है सवाल उठता है कि ट्रैक्टर मालिक ने नौसिखिया ट्रैक्टर चालक हो कैसे ट्रैक्टर चलाने के लिए दे दिया है जिससे ट्रैक्टर मालिक पर सवाल खड़ा हो रहा है यदि मालिक ने नौसिखिया चालक को ट्रैक्टर चलाने के लिए नहीं दिया होता तो नौसिखिया ट्रैक्टर चालक की बेवजह मौत ना होती ट्रैक्टर चालक की मौत के पीछे ट्रैक्टर मालिक पूरी तरह से दोषी बताए जा रहे हैं खबर लिखे जाने तक ट्रैक्टर मालिक की गिरफ्तारी पुलिस नहीं कर सकी है।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 19 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से एक थाना पश्चिम शरीरा से एक थाना सराय अकिल से छः थाना पिपरी से दो थाना सैनी से चार थाना मोहब्बतपुर पइसा से दो थाना कड़ाधाम से तीन कुल 19 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### क्लीनिक की आड़ में कथित डॉक्टर ने महिला के साथ तमंचा सटा कर किया दुष्कर्म

**थाने जाकर की शिकायत तो थानेदार विवाहिता महिला पर ही विफरे**

**चरवा कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के गुवारा तैयबपुर गांव की विवाहिता महिला ने दिए हुए शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि कथित डॉक्टर प्रकाश चन्द्र पुत्र राम आसरे निवासी काजू थाना चरवा पूर्णिमा हास्पिटल एण्ड रिचर्स सेन्टर मंझनपुर द्वारा संचालित प्रिया क्लीनिक गुवारा तैयबपुर करारी रोड़ में चला रहा है। जिसके संचालक प्रकाश चन्द्र है एक हफ्ते पूर्व क्लीनिक संचालक विवाहिता महिला का 9:00 बजे रात्रि को जबरन हाथ पकड़ कर क्लीनिक में लें जाकर तमंचा सटा कर रेप किया! चीखने चिल्लाने पर विवाहिता को मारा पीटा शिकायत करने पर विवाहिता संग पति समेत परिजनों को जान से मार डालने की दी धमकी ! पीड़ित विवाहिता को शिकायत न करने के लिए दबंग क्लीनिक संचालक रास्ते में ताकता रहा! मौका पाकर पीड़ित महिला ने स्थानीय थाना करारी जा कर नामजद्द तजरीर दी तो पीड़ित महिला पर ही थानेदार विफर पड़े।

# महिला मरीज को कथित डॉक्टर ने अस्पताल के बाहर फेंका हुई मौत

**कथित डॉक्टर की लापरवाही से फिर हुई तकीपुर चाकवन की रहने वाली महिला मरीज की मौत**

अखंड भारत संदेश

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के मूरतगंज चंदवारी तिराहा पर संचालित माता मान्ती नर्सिंग होम अस्पताल में कथित डॉक्टर की लापरवाही से फिर एक महिला मरीज की मौत हो गयी है बुखार के चलते शनिवार को परिजनों ने महिला फूलवती को अस्पताल में भर्ती करा कर रकम जमा किया था हालत जब गंभीर हुई तो परिजनों से और रुपए की डिमांड की गयी परिजन रुपए की व्यवस्था करने गए तो डॉक्टर ने मरीज को अस्पताल के बाहर फेंक दिया जिससे तेज धूप में महिला मरीज की तड़प तड़प कर मौत हो गई है जब मरीज के परिजन वापस लौटे तो देखा की महिला अस्पताल के बाहर पड़ी है डॉक्टरों ने उसे अस्पताल से बाहर फेंक दिया है उसके बाद जिंदगी बचाने की उम्मीद से परिजन मरीज को आनन-फानन में लेकर कसिया अस्पताल पहुँचे जहां डॉक्टरों ने बताया की मरीज की पहले मौत हो चुकी है। नर्सिंग होम के कथित चिकित्सकों की लापरवाही से महिला की मौत होने के बाद परिजनों में कोहराम मचा है स्वास्थ्य विभाग के नकारा सिस्टम के चलते थाना कोखराज क्षेत्र के चंदवारी तिराहा मूरतगंज पर कथित डॉक्टर चैन सिंह का बेसमेंट मे माता मान्ती नर्सिंग होम बिना रजिस्ट्रेशन के कई वर्षों से चल रहा है जहां मरीजों को जिंदगी कम मौत अधिक मिल रही है मरीजों की मौत के चलते कई बार सुर्खियो में यह नर्सिंग होम रहा है नोडल अधिकारी सिर्फ खानापूर्ति कर वापस चले जाते हैं जिससे मरीजों की जिंदगी दांव पर लगी है बताया जाता है कि इस अस्पताल में अब तक कई मरीजों की मौत हो चुकी है अस्पताल संचालक के पास मरीजों के इलाज करने का लेखा-जोखा भी नहीं है अवैध तरीके से संचालित नर्सिंग होम पर नकारा स्वास्थ्य विभाग मेहरबान है।

# नशा मुक्ति अभियान चलाकर लोगों को थाना प्रभारी संदीपन घाट ने किया जागरूक

**थाना प्रभारी दिलीप कुमार सिंह की अगुवाई में नशे मुक्ति के खिलाफ लोगो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया**

अखंड भारत संदेश

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत मूरतगंज चौकी क्षेत्र के मूरतगंज बजार में लोगो के बीच थाना प्रभारी दिलीप कुमार सिंह ने जाकर लोगो को नशे के दुष्प्रभाव व नुकसान के बारे मे बताते हुए कहा कि शराब पीकर गाड़ी न चलाये शराब पीकर गाड़ी चलाने से जनहानि व दुर्घटना के होने का खतरा बढ़ जाता है जिससे किसी तरह के अनहोनी पर परिवार बिखर जाता है और नशे के कारण बहु बेटियों का जीवन भी अंधकार मय हो जाता है जिसका समाज पर व बच्चों पर नशे की लत से बचाने के लिए समाज को शराब के नशे व मादक पदार्थ बचना चाहिए जिससे हमारी



आने वाली पीढ़ी संस्कारी व समाज के प्रति जागरूक हो कर समाज को मजबूती प्रदान करें इस मौके पर मूरतगंज चौकी प्रभारी गौरव त्रिवेदी व हर्रायपुर चौकी इंचार्ज अनुराग सिंह अपने समस्त स्टाप के साथ नशा मुक्ति अभियान में शामिल होकर लोगो को जागरूक किया।

### दबंगों ने पूरे कुनबे को पीटा

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के देवरा गांव निवासी संगीता गुप्ता पत्नी रोशन लाल के घर 13 जून को रात के 10:00 बजे गांव के प्रदीप पांडे प्रमोद पांडे आदि लोग जबरिया घुस गए और संगीता गुप्ता उसके पति रोशन लाल और छोटे-छोटे बच्चों को बेरहमी से पीटा है मामले की शिकायत संगीता ने स्थानीय थाना मंझनपुर और पुलिस चौकी टेवा में किया है लेकिन उसके बाद भी महिला का मुकदमा नहीं लिखा गया है जिससे दबंगों के हौसले बुलंद है और दबंग लगातार महिला को धमकी दे रहे हैं महिला ने बताया कि उसे और उसके पति को चोटें आई हैं पुलिस ने मेडिकल भी नहीं कराया है पीड़ित महिला 15 जून को पुलिस अधीक्षक और 18 जून को क्षेत्राधिकारी को शिकायती पत्र देकर फरियाद कर चुकी है लेकिन उसके बाद भी चौकी पुलिस टेवा के चलते उसे न्याय नहीं मिल पाया महिला का कहना है कि इसके पहले भी दबंगों ने उसके साथ कई बार मारपीट की है लेकिन दबंगों के चौकी पुलिस से गहरे संबंध के चलते किसी बार भी उसे न्याय नहीं मिल सका है जिस पर 19 जून को महिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर फरियाद की है।

# चायल सीओ ने निकाली नशा मुक्त पखवाड़ा दिवस की रैली




अखंड भारत संदेश

**चायल कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के अनुक्रम में क्षेत्राधिकारी चायल द्वारा थाना पिपरी पुलिस व जनता के लोगों के साथ नशे से दूर रहने का संकल्प लिया गया तथा रैली निकालकर लोगों को जागरुक कर नशा न करने की अपील की गई। इस दौरान क्षेत्राधिकारी ने कहा कि नशा करने से घर परिवार समाज बर्बाद होता है स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है इसलिए नशा से बचें उन्होंने कहा कि समाज को स्वस्थ नशा मुक्त बनाने में आम जनमानस के सहयोग की जरूरत है इस दौरान चायल सीओ पिपरी थाना प्रभारी और चायल चौकी प्रभारी क्षेत्र की जनता के साथ चायल कस्बा में नशा मुक्ति रैली निकाली गयी।

### गंगा नहाने के दौरान गंगा में डूब रहे तीन युवकों को मल्लाहों ने बचाया

**कौशाम्बी।** जिले के कड़ा धाम में गंगा नहाने आए फतेहपुर जनपद के तीन युवक अचानक गहरे पानी में डूबने लगे,युवको के गहरे जल में डूबने से घाट पर चीख पुकार के साथ अफरा-तफरी मच गई,घाट किनारे मौजूद मल्लाहों ने गंगा में छलांग लगाई और जान पर खेलकर तीनों युवकों की जान बचा ली। कड़ा धाम कोतवाली के कुबरीघाट में सोमवार को फतेहपुर जनपद के धाता थाना क्षेत्र के जाम व भैरमपुर के निवासी कई युवक गंगा नहाने के लिए आए हुए थे,घाट पर बैरिकेडिंग की समुचित व्यवस्था ना होने के कारण वह अचानक गहरे पानी में चलें गए और डूबने लगे,युवकों को डूबता देख चीख पुकार मची तो घाट पर मौजूद मल्लाहों ने गंगा में कूदकर तीनों युवकों कों सकुशल बाहर निकाल लिया और उनकी जान बच गई।

# एक रात में 5 घरों को चोरों ने बनाया निशाना नगदी जेवरात समेत लाखों की चोरी

**पुलिस कार्यवाही के नाम पर मुकदमा लिखने तक ही सीमित**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सराय अकिल कोतवाली के कनैली पुलिस चौकी क्षेत्र के गाँव हिमांचल का पुरवा महगुपुर धर्मपुर मे चोरों ने 5 घरों को अपना निशाना बनाया जिसमें से नगदी जेवरात समेत लगभग 5 से 6 लाख रुपए तक की चोरी होने की आशंका लगायी जा रही है चोरों ने सेंध काटकर चोरी की है भुक्तभोगीयों ने लिखित शिकायत कनैली पुलिस चौकी तथा कोतवाली सराय अकिल से की है जिस पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा लिखने तक मामले को संज्ञान लिया गया है। अपने लिखित शिकायती पत्र में भुक्तभोगी सुमित मिश्र पुत्र लालता प्रसाद,मिश्र तथा अन्य ग्रामीण निवासी हिमाचल का पुरवा मजरा महगुपुर पोस्ट धर्मपुर थाना सराय अकिल ने पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र मे बताया है कि आज दिनांक 18/06/2023 की बीती रात मे हमारे घर के पीछे की तरफ लगे दरवाजे के बगल मे दीवाल से ईट निकालकर हाथ डालकर कुण्डी खोलकर घर के अन्दर घुसकर अज्ञात चोरों द्वारा घर में रखे 55 हजार रुपए नगद व जेवरात जिसकी सूची अलग से उपलब्ध करायेगे आदि की चोरी कर ले गये है। तथा मेरे घर में इसके अलावा अन्य चार लोगो के घर हरिशकर तिवारी पुत्र पहलाद तिवारी इनके यहां नगदी 30 हजार व जेवरात चोरी हुई है राम कैलाश मिश्र पुत्र राम नेवाज इनके यहाँ से 12 हजार नगद प्रेमा देवी पत्नी शिव वरन सरोज इनके यहां से कुछ नगदी व कुछ जेवरात व कुछ अनाज छोटेलाल पाल पुत्र अशर्फीलाल पाल इनके यहाँ से कुछ समान कुछ कागजात चोरो द्वारा उड़ा लिए गये है जिस पर पीड़ितों ने पुलिस से उचित कार्यवाही की मांग कि है कोतवाली पुलिस मुकदमा लिखने तक ही सीमित दिख रही है।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त अरविन्द कुमार पुत्र बैजनाथ निवासी तियरा थाना पिपरी को खटांगी मोड़े से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### धूमधाम से मनाया गया राहुल गांधी का जन्मदिन

**करारी कौशाम्बी।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार मिश्रा उर्फ पप्पू ने मंझनपुर मुख्यालय के ओसा चौराहे पर बड़े ही धूमधाम से राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया है इस मौके पर राहुल गांधी के विचारों को व्यक्त करते हुए कांग्रेस पार्टी से जुड़ने का आवाहन किया है कांग्रेस कार्यकताओं व पदाधिकारियों के साथ मिठाई बाट कर एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया गया इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के उपाध्यक्ष आशीष कुमार मिश्रा उर्फ पप्पू ने कहा कि आज जिस प्रकार से भारत देश पूंजीपतियों के हाथ में जा रहा है यह चिंता का विषय है उन्होंने कहा कि भाजपा के राज में देश की हालात बड़ी नाजुक है देश को पूंजीपतियों के हाथों में जाने से रोकना होगा जन्म दिवस के अवसर पर कांग्रेस नेताओं द्वारा राहुल गांधी के उज्जवल भविष्य की कामना की गई इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र त्रिपाठी अखिलेश द्विवेदी कौशलेंद्र द्विवेदी रमेश तिवारी बरसाती लाल पंडा सत्येंद्र प्रताप सिंह कुलदीप शुक्ला विजय यादव नसीमुद्दीन करण सिंह राकेश जयसवाल सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### मरीजों को मौत देने वाला कथित डॉक्टर पत्रकार पर एफआईआर करने की दे रहा धमकी!

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के मूरतगंज चन्दवारी मोड़ के पास अवैध तरीके से माता मानसी नर्सिंग होम में इलाज के दौरान एक महिला की मौत के बाद खबर चलाए जाने से बौखलाए कथित डॉक्टर का स्वास्थ्य विभाग के नकारा सिस्टम से इस कदर से सेटिंग है कि वह अपने अस्पताल की चौपट व्यवस्था को सुधार करने के बजाए तानाशाही पर उतर आया है चिकित्सक की लापरवाही से महिला मरीज की मौत के मामले को अभी तक स्वास्थ्य विभाग के नकारा सिस्टम ने महिला मरीज की मौत के मामले को गंभीरता से नहीं लिया है महिला मरीज की मौत के बाद खबर से बौखलाया कथित चिकित्सक चैन सिंह अब पत्रकार पर आई आर दर्ज कराने की धमकी देने लगा है तो फिर क्या मौत के सौदागर योगीराज में मौज करेंगे और मौत के सौदागर की कहानी उजागर करने वाले पत्रकार मुकदमे की झंझट झेलेंगे उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक स्वास्थ्य व्यवस्था को बहाल करने की बात कर रहे हैं लेकिन कौशांबी का नकारा सिस्टम बृजेश पाठक की बात मानने को तैयार नहीं है जिससे अवैध नर्सिंग होम में कथित चिकित्सक की लापरवाही के बाद मरीजों की मौत होने के बाद भी मौत के सौदागर चिकित्सक के हौसले टूटते नहीं दिख रहे हैं अस्पताल का पंजीयन एनजीटी के नियमों का भी पालन नहीं कर रहा है जिन चिकित्सकों के नाम बोर्ड में लगाए गए हैं वह अस्पताल में मौजूद नहीं रहते हैं मानक के विपरीत अस्पताल का संचालन हो रहा है चिकित्सक के पास क्या डिग्री है इस मामले में भी स्वास्थ्य अधिकारियों ने जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्यवाही नहीं की है महिला मरीज की मौत को 20 घंटे बीत जाने के बाद अभी तक दोषी चिकित्सक पर स्वास्थ्य विभाग ने मुकदमा दर्ज करा कर अस्पताल को सीज कर अवैध अस्पताल के कारनामो की जांच शुरू नहीं की है जिससे स्वास्थ्य विभाग के सिस्टम का अंदाजा लगाया जा सकता है अवैध नर्सिंग होम में महिला मरीज की मौत के मामले को अभी तक जिला प्रशासन ने भी गंभीरता से लेकर अस्पताल को सीज करा कर चिकित्सक की गिरफ्तारी नहीं कराई है जिससे योगीराज में स्वास्थ्य मंत्री के दावे की धज्जियां कौशांबी में उड़ती दिख रही है।

## न्यूज झरोखा

### गंगा एवं यमुना घाटों पर लगाया जाए पुलिस बल : अजय सोनी

**करारी कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने जिला प्रशासन से गंगा एवं यमुना नदी के घाटों पर सुबह 5 बजे से रात के 8 बजे तक पुलिस बल लगाने की मांग की है अजय सोनी ने जिला प्रशासन से जनपद के उन सभी घाटों पर जहां लोग स्नान करते हैं, नौका गमन करते हैं, मृत लोगों की लाश जलाते हैं, ऐसे घाटों पर पूरी मुस्तैदी के साथ काम करने वाले पुलिस बल लगाने की मांग की है। अजय सोनी के मुताबिक पुलिस बल लगाने से घाटों पर घट रही जानलेवा घटनाओं पर अंकुश लगेगा और लोगो के जानमाल की सुरक्षा होगी। अजय सोनी के मुताबिक सबसे ज्यादा आशंका नौका गमन कर पार जाने वाले लोगो को लेकर होती है। नाव से लोगों को पार पहुंचाने वाले मल्लाह अक्सर क्षमता से अधिक लोगों को उनके तमाम समानों के साथ नाव में लादकर गंगा और यमुना पार करते हैं जिससे कई बार नाव के पलटने एवं डूबने का खतरा रहता है। इसी तरह गंगा और यमुना में स्नान करने वाले लोग प्रशासन की गैर मौजूदगी में लापरवाही और मनमाने तरीके से स्नान करते हैं और लोग नदियों में डूब जाते हैं। इसी तरह जिन जिन घाटों पर लाश जलाई जाती है, वहां भी लोग स्नान करते हैं और कई बार जानलेवा घटनाएं घट जाती हैं। ऐसे में जरूरी है कि गंगा और यमुना घाटों पर पुलिस बल लगाया जाए। ताकि लोगो की जान बच सके और लोग अपने घर सुरक्षित पहुंच सके।

### जुआ खेलते चार अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस द्वारा चार अभियुक्तों उदयभान सिंह पुत्र राधेश्याम सिंह अजय सिंह पुत्र भानू प्रताप निवासीगण गणेशपुर कटरी नागेश सिंह पुत्र कंधई लाल निवासी जगतपुर कटरी व राजकुमार पुत्र श्रीराम बली निवासी कटरी थाना पश्चिम शरीरा को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते, 130 रुपए जामातलाशी व 450 रुपए मालफड बरामद कर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

### हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** थाना सैनी अंतर्गत 15 जून 2023 को आरोपी द्वारा अपने डेढ़ माह के बच्चे की पटक कर हत्या कर दी थी जिसके सम्बन्ध में थाना सैनी पर मुकदमा पंजीकृत कर घटना से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त रवि कुमार मौर्य पुत्र विजय बहादुर मौर्य निवासी केशारी थाना सैनी को मुखबिर की सूचना पर थाना सैनी पुलिस बल द्वारा कमासिन चौराहे से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है

### चायल विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत

**करारी कौशाम्बी।** समाजवादी पार्टी से चायल विधानसभा अध्यक्ष का दायित्व मिलने के बाद चंद्रजीत यादव सोमवार को अपने कजीपुर कार्यालय पहुंचे। कार्यालय पहुँचते ही क्षेत्रवासियों और पार्टी कार्यकताओं ने फूल मालाएं पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। विधान सभा अध्यक्ष ने लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि चायल वासियों के विश्वास और स्नेह के कारण ही वह विधानसभा के लिए चुने जाने के बाद चायल विधानसभा के सर्वोच्च पद तक पहुंचे हैं और अध्यक्ष के तौर पर जनता की सेवा का उन्हें अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि वह चायल वासियों के ऋणी हैं और प्रत्येक के जीवन में खुशियां लाना ही उनका लक्ष्य है इस मौके पर रमाकांत पटेल,अनिल यादव,अजीत यादव,अमरीश दिवाकर, मान सिंह पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।


### 102 एवं 108 एम्बुलेंस कर्मियों का पुनः प्रशिक्षण

**करारी कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनपद कौशाम्बी में संचालित 102 एवं 108 एम्बुलेंस के कर्मचारियों को जिला अस्पताल मंझनपुर में पुनः प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ई एम आर आई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज लखनऊ के ट्रेनर अरुण बाबू द्वारा एम्बुलेंस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है प्रशिक्षण के दौरान जिला अस्पताल मंझनपुर के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुनील शुक्ला के निर्देश पर प्रतिदिन जिला अस्पताल मंझनपुर के डॉक्टरों की टीम भी एम्बुलेंस कर्मचारियों को आपातकालीन स्थिति में समय रहते (गोल्डेन आवर) कैसे मरीज की जान बचायी जाये इसकी भी बारीकियां बता रहे हैं।

# धर्म परिवर्तन कराने वाले पांच गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** थाना चरवा अंतर्गत 18 जून को ग्राम सिरसी (चरवा) के चौकीदार द्वारा थाना चरवा पर सूचना दी गयी कि ग्राम बहादुरपुर में भागीरथी सिंह पटेल नेता पुत्र स्व0 राममूरत निवासी बहादुरपुर नगर पंचायत व थाना चरवा द्वारा अपने घर पर आस-पास के गांव के भोले-भाले अनुसूचित जाति के लोगो को गुमराह कर उनकी बीमारी और समस्याओं को ठीक करने का लालच व प्रलोभन देकर तथा चमात्कार की बात बताकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा उत्तर प्रदेश विधि विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम पंजीकृत कर थाना चरवा पुलिस बल द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त भागीरथी सिंह पटेल पुत्र स्व0 राममूरत निवासी बहादुरपुर नगर पंचायत व थाना चरवा को मुखबिर की सूचना पर चरवा चौराहे से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना कौशाम्बी अंतर्गत 18 जून 2023 को ग्राम दुल्हनियापुर के चौकीदार द्वारा थाना कौशाम्बी पर सूचना दी गयी कि ग्राम दुल्हनियापुर के बाहर बने एक कमरे में प्रेम चन्द्र सरोज पुत्र शिवबरन निवासी चिल्ला शहबाजी थाना कौशाम्बी द्वारा आस-पास के गांव के भोले-भाले अनुसूचित जाति के लोगो को गुमराह कर उनकी बीमारी और समस्याओं को ठीक करने का लालच व प्रलोभन देकर पैसे कमा रहा है तथा चमात्कार की बात बताकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम



पंजीकृत कर थाना कौशाम्बी पुलिस बल द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्तों प्रेम चन्द्र सरोज पुत्र शिवबरन निवासी चिल्ला शहबाजी थाना कौशाम्बी व तेज बहादुर सिंह पुत्र स्व0 बीरबल निवासी इटला थाना कौशाम्बी शुक्ल कुमार सरोज पुत्र स्व० बाबूलाल निवासी भदवा बालकमऊ थाना कोखराज व दुर्गा प्रसाद सरोज पुत्र स्वङ्ग बन्दा प्रसाद निवासी बदलेपुर मजरा पारा हसनपुर थाना करारी को मुखबिर की सूचना पर दुल्हनियापुर से गिरफ्तार कर अभियुक्तों की निशादेही पर 872 अदद बाइबल ग्रन्थ बरामद कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

# नगरपालिका के एक हिस्से में विद्युत कटौती से परेशान नगर वासी

**माननीयों की उपेक्षा का खामियाजा आम जनमानस भुगत रहा है**

अखंड भारत संदेश

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के एक हिस्से में विद्युत सप्लाई बाधित होने से नगर के लोग परेशान हैं भीषण गर्मी में रात भर जाग कर लोग कष्ट भरी रात ब्यतीत कर रहे हैं एक तरफ भीषण गर्मी दूसरी तरफ मच्छरों के प्रकोप से नगर क्षेत्र के लोग व्याकुल हो उठे हैं पहले यह क्षेत्र ग्रामीण इलाके में था लेकिन नगरपालिका बनने के बाद लोगों को उम्मीद जगी कि उन्हें सरकारी सुविधाओं का लाभ मिलेगा लेकिन नगरपालिका बनने के बाद भी व्यवस्था में सुधार नहीं हो सका है लोगों को अभी भी बदतर जिंदगी जीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है नगरपालिका बनने के बाद भी बदतर व्यवस्था को सुधार करने प्रति इलाके के सांसद विधायक गंभीर नहीं है और उन्होंने लापरवाह विधुत अधिकारियों की अभी तक नकेल नहीं कसी है माननीयों की उपेक्षा का खामियाजा आम जनमानस भुगत रहा है

गौरतलब है कि नगर पालिका परिषद भरवारी के अंतर्गत वार्ड नंबर 19 वा 20 और 21 में बिजली सप्लाई व्यवस्था ठीक नहीं हो सकी है विद्युत कटौती से तीनों वार्ड के लोग बेचैन हो उठते हैं लेकिन उसके बाद स्थानीय पावर हाउस सैता के अवर अभियंता विद्युत व्यवस्था बहाल करने के लिए प्रयास नहीं कर रहे हैं लगातार हो रही विद्युत कटौती की कई बार जानकारी नगर वासियों ने विद्युत अधिकारियों को दिया लेकिन उसके बाद भी नगर पालिका के तीन वार्ड की बिजली सप्लाई व्यवस्था बहाल नहीं की गई है बताया जाता है कि पावर हाउस सैता के अवर अभियंता ड्यूटी छोड़कर गायब हो जाते हैं पूरा पावर हाउस संविदा कर्मियों के सहारे चल रहा है बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही उदासीनता के चलते ग्रामीण भीषण गर्मी में परेशान होते हैं पावर हाउस में मौजूद कर्मचारी मनमानी पर उतारू है जिससे ग्रामीण परेशान है इलाके के लोगों ने आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए पावर हाउस छोड़कर फरार हो जाने वाले अवर अभियंता की लापरवाही पर कठोर कार्रवाई की मांग के साथ-साथ विद्युत व्यवस्था बहाल कराए जाने की मांग की है।

## संपादकीय

# योग से इंडिया बनेगा फिट एण्ड हिट

प्रभुनाथ शुक्ल

**भगवान** कृष्ण ने गीता में कहा है-योगः कर्मसु कौशलम यानी हमारे कर्मों में सर्वश्रेष्ठ योग है। योग यज्ञ है और यज्ञ कर्म है। योग जीवात्मा और परमेश्वर के मिलन का साधन मात्र ही नहीं बल्कि ईश साधना का भी साध्य भी है। योगेश्वर भगवान कृष्ण ने योग को सर्वोपरि बताया है। उन्होंने कहा है कि योगस्थः कुरु कर्माणि इसका तात्पर्य है कि योग में स्थिर होकर ही सद्चित कर्म संभव है। गीता का छठवां अध्याय योग को समर्पित है। योग हमारा आध्यात्मिक और वैज्ञानिक ज्ञान है। योग की सार्थकता को दुनिया के कई धर्मों ने स्वीकार किया है।


योग सिर्फ व्यायाम का नाम नहीं है बल्कि मन, मस्तिष्क, शारीरिक और विकारों को नियंत्रित करने का माध्यम भी है। जब समाज अच्छा होगा तो देश की प्रगति में हमारा अहम योगदान होगा। आज पूरी दुनिया योग और प्राणायाम की तरफ बढ़ रही है। योग भारत के लिए आने वाले दिनों में बड़ा बाजार साबित हो सकता है। विश्व के लगभग 200 से अधिक देश भारत की इस गौरवशाली वैदिक परंपरा का अनुसरण कर रहे हैं। योग को अब वैश्विक मान्यता मिल गई है। कोरोना संक्रमण काल में भी योग हमारे लिए संजीवनी साबित हो रहा है। हम योग को अपना कर इस महामारी में भी अपने स्वस्थ रख सकते हैं।

भारत में योग की परंपरा 5000 हजार साल पुरानी है। 11 दिसम्बर, 2014 को इसका प्रस्ताव भारत ने संयुक्त राष्ट्र में दिया था। अमेरिका और यूरोप समेत दुनिया के 177 देशों ने भारत के पक्ष में वोट किया था, जिसके बाद भारत दुनिया का विश्वगुरु बन गया। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 90 दिनों के भीतर पीएम मोदी के प्रस्ताव को मंजूर किया। हम योग के 21 आसनों को अपनाकर अपनी जिंदगी को सुखी, शांत और निरोगी बनाकर खुशहाल जीवन जी सकते हैं। जब हम तन और मन से स्वस्थ रहेंगे तो राष्ट्र निर्माण और उसके विकास में अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं।योगगुरु बाबा रामदेव योग को वैश्विक मान्यता मिलने पर इसे भारत की जीत बताया था। दुनिया योग को अपने जीवन की दिनचर्या बना लिया है। योग संपूर्ण जीवन और चिकित्सा पद्धिति बन गया है। दुनिया में शांति युद्ध से नहीं योग से आएगी। भारत के साथ दुनिया में 20 करोड़ से अधिक लोग योग साधना का लाभ उठा रहे हैं। आधुनिक युग की व्यस्त दिनचर्या में योग हमारे लिए अमृत है। अपनी जिंदगी को खुशहाल और डिप्रेशन मुक्त बनाने के लिए योग हमें खुला आकाश देता है। हम धर्म, जाति, भाषा, संप्रदाय के साथ बंधकर स्वयं के साथ देश का अहित करेंगे। योग शास्त्र का इतिहास गौरवशाली उपलब्धि से अटा पड़ा है। हमारे यहां लययोग, राजयोग का भी वर्णन है। योगशास्त्र का इतिहास गौरवशाली उपलब्धि से अटा पड़ा है। हमारे यहां लययोग, राजयोग का भी वर्णन है। चित्त की निरुद्ध अवस्था लययोग में आती है। राजयोग सभी योगों से श्रेष्ठ बताया गया है। महर्षि पतंजलि की योग परंपरा भारत में अधिक समृद्धशाली है। योगगुरु बाबा रामदेव आज पतंजलि योग व्यवस्था के संवाहक बने हैं। दुनिया भर में योग की महत्व स्थापित करने में पतंजलि योग संस्थान ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है।योग और आयुर्वेद को उन्होंने वैश्विक स्वीकारोक्ति बना दिया है। पतंजलि योग साधना के आठ आयाम हैं। जिसमें यम, नियम, आसन, प्रणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि है। योग का संबंध सिंधु घाटी सभ्यता से भी है। प्राचीन काल की कई मूर्तियां योग मुद्रा में स्थापित हैं। भगवान शिव को योग मुद्रा में देखा जा सकता है। बुद्ध की मूर्तियां भी योग साधना में स्थापित हैं। बौद्ध और जैनधर्म में भी योग की महत्ता पर काफी कुछ है। बौद्ध और धर्म के अलावा ईसाई और इस्लाम में सूफी संगीत परंपरा में भी योग की बात आई हैं। भारत की योग व्यस्था को पटल पर लाने में योग गुरु बाबा रामदेव और बीकेएस अंयगर के योगदान को नहीं भूलाया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल से संयुक्तराष्ट्र संघ ने भी योग के महत्व को स्वीकार किया है। प्रधानमंत्री मोदी योग को लेकर स्वयं बेहद जागरूक है। वह योग करते हुए अपने कई वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करते रहते हैं। फिट इंडिया, हिट इंडिया उनका मूलमंत्र है। इसके साथ वह लोगों से अपील करते हैं कि आप योग के जरिए अपने मन, मस्तिष्क और शरीर को स्वस्थ रखें, जिससे आपका सहयोग देश के विकास में अच्छे तरीके से हो। विज्ञान और विकास के बढ़ते कदम तनाव की जिंदगी दे रहा है। जिंदगी की गति अधिक तेज हो चली है। लोगों के जीने का नजरिया बदल रहा है। काम का अधिक दबाव बढ़ रहा है इससे हाईपर टेंशन, और दूसरी बीमारियां फैल रही हैं। तनाव का सबसे बेहतर इलाज योग विज्ञान में हैं, वहीं लोगों में सुंदर दिखने की बढ़ती ललक भी योग और आयुर्वेद विज्ञान को नया आयाम देगी। यह पूरे भारत के लिए गर्व का विषय है। आम आदमी के जिंदगी में तनाव तेजी से बढ़ रहा है। आजकी भगदौड़ में पूरी जिंदगी असंयमित हो गई है, जिसकी वजह से परिवार में तनाव और झगड़े होते हैं। लोगों के पास आज पैसा है लेकिन शांति नहीं है, जिसकी वजह से परिवार में संतुलन गायब है। लोग खुद से संतुष्ट नहीं है। इस स्थिति से निकालने के लिए योग सबसे बेहतर उपाय हो सकता है। इसलिए भागदौड़ की जिदंगी को अगर संयमित और संतुलित करना है तो मन को स्थिर रखना होगा। जब तक हमें मानसिक शांति नहीं मिलेगी तब तक हम जीवन के विकारों से मुक्त नहीं हो सकते हैं। उस स्थिति में योग ही सबसे सरल और सुविधा युक्त माध्यम हमारे पास उपलब्ध है। हमारी हजारों साल की वैदिक परंपरा को वैश्विक मंच मिला है। योग का प्रयोग अब दुनिया भर में चिकित्सा विज्ञान के रूप में भी होने लगा है, उसे स्थिति हमें अपने जीवन के साथ जीने का नजरिया भी बदलना होगा। योग से संबंधित यूनिवर्सिटी, शोध संस्थान, आयुर्वेद मेडिसिन उद्योग नई उम्मीदें और आशाएं लेकर आएगा।

# अमेरिका का चीन को आर्थिक मोर्चे पर झटका

अशोक

**अमेरिका** ने चीन को आर्थिक मोर्चे पर जोरदार झटका दिया है। अमेरिकी सीनेट ने एक नए कानून को मंजूरी दी है जिसके तहत चीन को अमेरिका अब विकाशील देश का दर्जा नहीं देगा। अमेरिका के इस कदम से चीन पर भारी असर पड़ेगा। चीन को अब विश्व बैंक और अन्य वित्तीय संस्थानों से उसे आसानी से और कम ब्याज दर पर लोन नहीं मिल पाएगा। विकासशील देश के स्टेटस की वजह से चीन को आसानी से सस्ता कर्ज मिल जाता था लेकिन फिर चीन दुनिया के गरीब देशों को महंगे कर्ज देकर अपने कर्ज की जाल में फंसा लेता था। अमेरकी सीनेट से मिली कानून की मंजूरी के बाद अब अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की कोशिश विश्व व्यापार संगठन जैसे बहुपक्षीय संगठनों को चीन की इकोनॉमी को विकसित अर्थव्यवस्था का स्टेटस देने के लिए तैयार करने की होगी। अमेरिकी सीनेट की फॉरेन रिलेशन कमेटी की पहल पर चीन से डेवलपिंग कंट्री का स्टेटस छीना गया है। चीन अमेरिका के इस कदम को एशियाई देश के विकास को दबाने की साजिश के रूप में देख रहा है। सीनेट ने मानना कि चीन को अब वो सारी सुविधाएं नहीं दी जा सकती है जो विकासशील देशों को मिलती हैं। चीन की अर्थव्यवस्था 20 ट्रिलियन डॉलर की है और उसने दुनिया के कई देशों में अरबों डॉलर का निवेश किया है। इस वजह से अब चीन को डेवलपिंग कंट्री वाली तमाम रियायतें नहीं मिलेंगी क्योंकि चीन विकासशील देश के स्टेटस का गलत इस्तेमाल कर रहा था।चीन ने जो सस्ते दरों में कर्ज हासिल किए, उसका इस्तेमाल बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव में किया गया। साथ ही उसने गरीब देशों को महंगे दर पर कर्ज दिए जिससे वो देश कर्ज के जाल में फंसते चले गए। इसके बाद चीन उनकी जमीनों और संस्थानों पर कब्जा कर रहा है। अगर अमेरिका इंटरनेशनल संस्थानों को इसके लिए मना लेता है कि चीन अब एक विकासशील अर्थव्यवस्था नहीं है, राष्ट्रपति शी जिनपिंग की सरकार के लिए बड़ा झटका होगा क्योंकि चीन



की इकोनॉमी कोविड के बाद से ही मुश्किल स्थिति में हैं और इसकी रफ्तार बहुत धीमी है। अब अमेरिका के इस कदम से उसकी इकोनॉमी की रफ्तार और धीमी हो सकती है। सस्ते लोन के अलावा विकासशील देशों को इंटरनेशनल व्यापार में भी फायदा मिलता है। वर्ल्ड बैंक हर साल विकासशील देशों को अरबों डॉलर का लोन देता है। अमेरिकी डिफेंस डिपार्टमेंट के अधिकारी पैट्रिक क्रोनिन ने अप्रैल में एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि चीन बहुत शातिर है। उसने विकासशील देश के स्टेटस का फायदा उठाकर दुनिया की इकोनॉमिक ढांचे को तो बर्बाद कर दिया है और गरीब देशों को अपने कर्ज के जाल में फंसा लिया है।

एक विकसित देश में एडवांस औद्योगीकरण, उच्च स्तर की आर्थिक समृद्धि, बेहतर बुनियादी ढांचे और तकनीकी प्रगति के साथ-साथ नागरिकों का उच्च जीवन स्तर होता है। ऐसे देशों में आमतौर पर अच्छी तरह से स्थापित उद्योग, मजबूत संस्थाएं और व्यापक सामाजिक कल्याण प्रणाली के साथ-साथ उच्च साक्षरता दर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध होती है। अगर भारत के संदर्भ में देखें, तो यह विकासशील देश है। चीन के मुकाबले भारत की इकोनॉमी छोटी है, इसलिए भारत के पास विकाशील देश का स्टेटस है। भारत की जीडीपी 3.75 ट्रिलियन डॉलर की है। चीन का विकासशील देश का दर्जा खत्म कराने की अमेरिका की कोशिश को दोनों देशों के बीच बढ़ती तल्खी का नतीजा भी कहा जा सकता है। चीन आर्थिक और रणनीतिक, दोनों स्तर पर अमेरिका को लगातार चुनौती दे रहा है। जवाब में अमेरिका भी चीन पर लगाम लगाने की हर जुगत में लगा है। हालांकि विशेषज्ञों के अनुसार अमेरिकी संसद में चीन को विकसित देश का दर्जा देने के प्रस्ताव को मंजूरी से दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था पर तत्काल कोई बड़ा असर नहीं होगा लेकिन इसके दूरगामी परिणाम होंगे। चीन और अमेरिका की तल्खी से अगर सबसे ज्यादा लाभ किसी देश को होगा तो वह भारत को होने वाला है। इसकी वजह साफ है कि अमेरिका अब चीन से तनाव के चलते अपनी महत्वपूर्ण फर्मों को भारत में लगाने पर विचार कर सकता है। इससे भारत और अमेरिका के बीच व्यापार नई ऊंचाई तक पहुंच सकता है। रोजगार के नए अवसर पैदा होने के साथ ही साथ इससे भारत की आर्थिक तरक्की को और गति मिल सकेगी। साथ ही भारतीय बाजार की पहचान अमेरिकी फर्मों के आने से और व्यापक और ब्रांडेड हो जाएगी। इसका फायदा दूसरे देशों के साथ होने वाले ट्रेड में भी भारत को मिलेगा। बताया जाता है कि अमेरिका के इस कानून ने चीन की सिट्टी-पिट्टी गुम कर दी है और चीनी टिप्पणीकारों ने चेतावनी दी है कि यदि यह अधिनियम के बाद ये चीन की अर्थव्यवस्था के लिए ये एक भूकंप साबित होगा। इस कानून के बनने के बाद चीन को व्यापार करने के लिए उतना ही टैरिफ भरना होगा जितना टैरिफ विकसित देश भरता है यानी अमेरिका चुकाता है, जिसका मतलब ये हुआ कि चीन के सामान अब बाजार में महंगे हो जाएंगे। कानून बनने के बाद चीन में जिन सामानों का निर्माण होता है, उन्हें बनाने की लागत बढ़ जाएगी जिसका मतलब ये हुआ कि बाजार में अभी तक चीन जिन सामानों को काफी कम कीमत पर बेचता था, वो ऐसा नहीं कर पाएगा यानी चीनी सामान अब सस्ता नहीं रहेगा। यदि भारत को भी विकसित देश कभी घोषित किया जाता है तो भारत पर भी इसी तरह के असर होंगे, इसीलिए ना चीन और ना ही भारत चाहता है कि उसे विकसित देश होने का दर्जा मिले। इसके साथ ही चीन को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार बना दिया जाएगा जिसकी वजह से चीन में भारी संख्या में लोगों की नौकरी जाने का रास्ता खुल जाएगा जो कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चायना के ऊपर किसी बम के गिरने के बराबर होगा लेकिन चीन को विकसित देश की श्रेणी में डालने का फैसला सिर्फ चीन के लिए ही नहीं बल्कि भारत के लिए भी चिंता की बात है और इसका सिरा फरवरी 2020 में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान से जुड़ता है जिसमें उन्होंने चीन, भारत और दक्षिण अफ्रीका सहित 25 देशों को विकसित देशों के रूप में मान्यता देने की बात कही थी ताकि इन देशों को जो व्यापारिक लाभ मिलता है, उसे हटाया जा सके। चीन की लंका लगने वाली है. अमेरिकी सीनेट में जिस बिल को पास किया गया है, उसमें कहा गया है कि चीन, जिसने 2010 में दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में जापान को पीछे छोड़ दिया था, वो अब वैश्विक अर्थव्यवस्था का 18.7% हिस्सा है। चीन अब दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। अमेरिका के सांसद यंग किम ने मार्च में कहा था, कि "चीन अंतरराष्ट्रीय संगठनों से कम ब्याज पर कर्ज ले रहा है और साथ ही अपने बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के हिस्से के रूप में अन्य देशों में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर खरबों खर्च कर रहा है। उन्होंने बीआरआई को "ऋण-जाल कूटनीति घोटाला" भी बताया था। यानि, सांसद ने ये कहा, कि चीन वैश्विक संस्थाओं से कम ब्याज दर पर ऋण लेता है और उस पैसे को दूसरे देशों को ज्यादा ब्याज दरों पर कर्ज देता है, जो अब नहीं चलेगा। वर्तमान में, चीन को संयुक्त राष्ट्र सहित अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठन और अमेरिका "विकासशील देशों" की श्रेणी में रखता है। हालांकि "विकासशील" और "विकसित" शब्दों की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है लेकिन, चीन के विश्लेषक विकासशील स्टेटस को चीन के लिए बहुत बड़ा नुकसान मानते हैं। हाल ही में चीनी सोशल मीडिया वीबो पर एक विश्लेशक ने लिखा था, कि "चीन एक विकासशील देश नहीं है और इस अधिनियम के बाद चीन को गंभीर झटका लगेगा।" विकासशील देश होने के नाते चीन को विश्व व्यापार संगठन से व्यापारिक छूट और एंटी-डंपिंग छूट मिलती है। इसके अलावा चीन को विश्व बैंक से कम ब्याज दर पर वित्तीय सहायता, अंतरराष्ट्रीय संगठनों से तकनीकी और वित्तीय सहायता, चीनी सामानों की विदेशी में बिक्री पर कम टैक्स लगता है। चीन को इससे जबरदस्त फायदा पहुंचता है। इसके अलाव चीन को संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि समर्थन से भी लाभ मिलता है। माना जा रहा है, कि चीन अब वैज्ञानिक सुविधाओं, बौद्धिक संपदा के क्षेत्र में बहुत बड़ा फायदा उठाने की कोशिश में है जिसके लिए चीन अतिरिक्त समय की मांग करता आया है लेकिन अब अमेरिका चीन को उस फायदे तक पहुंचने से रोकना चाहता है। चीन, जो फिलहाल आर्थिक संकट की तरफ बढ़ता जा रहा है और जहां बेरोजगारी दर बढ़कर 21 प्रतिशत के करीब पहुंच गई है, वहां अमेरिकी कानून के बाद तहलका मचना तय माना जा रहा है।

हालांकि, अमेरिका के कानून बनाने का मतलब ये नहीं है, कि चीन यूएन के विकासशील लिस्ट से बाहर आ जाएगा लेकिन इतना तनाव होने के बाद भी चीन, अमेरिका से टेक्नोलॉजी के साथ साथ कई तरह के व्यापारिक लाभ हासिल करता है जो बंद हो जाएगी। इसके साथ ही, अमेरिका के बाद यूरोपीय यूनियन भी चीन को विकसित देश घोषित कर देगा।

# हिन्दू राष्ट्रवाद और अखंड भारत

राम पुनियानी

**हमें** अखंड भारत की जरुरत नहीं है। हमें क्षेत्रीय सहयोग की जरुरत है ताकि दक्षिण एशिया के देश अपनी-अपनी सरकारों को एकाधिकारवादी प्रवृत्तियों से मुक्त कर आम आदमी की जिन्दगी बेहतर बनाने की दिशा में काम कर सकें. संसद में लगे भित्तिचित्र को अशोक के साम्राज्य के उच्चतर मूल्यों का प्रतिनिधि माना जाना चाहिए। अशोक का साम्राज्य जनकल्याणकारी था, विस्तारवादी नहीं। क्यादेशों के बीच की सीमाएं हमेशा एक सी बनी रहती हैं? या फिर समय के साथ बदलती रहती हैं? कई मौकों पर साम्राज्यों-सम्राटों और आधुनिक राष्ट्र-राज्यों की सीमाओं के बीच के फर्क को जानबूझकर नजरअंदाज किया जाता है। कुछ देश हाल में अस्तित्व में आये हैं और कुछ देशों / साम्राज्यों / राष्ट्र-राज्यों का अपने-अपने क्षेत्रों में जटिल एवं लम्बा इतिहास रहा है। अक्सर यह कहा जाता है कि 'हम' यहां राज करते थे या 'हमारा' राज्य यहां से यहां तक फैला हुआ था. दरअसल, 'हम' शब्द का प्रयोग सामाजिक विकास के किसी भी चरण में लोगों के लिए किया जा सकता है, फिर चाहे वे साम्राज्यों की प्रजा रहे हों या आधुनिक राष्ट्र-राज्यों के नागरिक. 'हमारा' सामाजिक स्वरुप भी बदलता रहा है। मानव पहले जब जानवरों का शिकार कर और कंदमूल इकठ्ठा कर और उसके बाद पशुपालन से जीवनयापन करता था तब उसे शायद ही पता रहता था कि वह किस इलाके में रह रहा है। ग्रामीण समाजों और जनजातीय समूहों में लोगों की अपने निवास के क्षेत्र के संबंध में धारणा अत्यंत अस्पष्ट हुआ करती थी। जब इंसान ने खेती शुरू की उसके बाद ही साम्राज्य बने और सीमाओं का अधिक स्पष्ट निर्धारण होना शुरू हुआ। साम्राज्यों की सीमाएं सदैव बदलती रहीं। चोल साम्राज्य और उसके प्रतिद्वंद्वी साम्राज्यों ने धरती के इस हिस्से पर राज किया। राजेन्द्र चोल के काल में चोल साम्राज्य हालांकि बहुत बड़ा हो गया लेकिन फिर भी वह देश के दक्षिण तक सीमित था। अहोम उत्तर-पूर्व में राज करते थे और उनके साम्राज्य की सीमाओं का बहुत स्पष्ट विवरण उपलब्ध नहीं है। यह जरूर ज्ञात है कि इन साम्राज्यों की सीमाएं समय के साथ बदलती रहीं और किसी राजा के उत्तराधिकारी को अपने पूर्ववर्ती के समान क्षेत्र पर शासन करने का अवसर नहीं मिलता था। प्राचीन साम्राज्यों में मौर्य साम्राज्य क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा था और शुंग वंश, जिसने इसके बाद राज किया, द्वारा शासित क्षेत्र इससे बहुत अलग था। यहां तक कि अतिचर्चित 'विदेशी' मुगल साम्राज्य भी क्षेत्र की दृष्टि से स्थिर नहीं था। इस वंश द्वारा शासित इलाका औरंगजेब के काल में सबसे बड़ा था जब यह दक्षिण भारत तक फैला हुआ था।

अंग्रेजों के आगमन के साथ भारत की सीमाएं अधिक स्पष्ट रूप से निर्धारित हुईं और वे रियासतें जो अपना अस्तित्व बचाए रखने में सफल रहीं भी अंग्रेजों की दया पर निर्भर थीं। उन्होंने ब्रिटिश सत्ता से सांठ-गांठ कर राज किया। इन रियासतों को केवल औपचारिक रूप से सार्वभौमिकता हासिल थी। अंग्रेजों का राज म्यांमार पर भी था, जो उनके साम्राज्य का हिस्सा था और बाद में एक स्वतंत्र राष्ट्र बना। ठीक ऐसा ही सीलोन के मामले में भी था जो आज श्रीलंका के नाम से जाना जाता है। औपनिवेशिक सत्ता का कांग्रेस और भगतसिंह, अंडमान जेल जाने के पहले सावरकर और नेताजी सुभाष की आजाद हिन्द फौज जैसी राष्ट्रवादी शक्तियों ने विरोध किया। अंग्रेजों ने फूट डालो और राज करो की नीति पर अमल किया जिससे साम्प्रदायिक शक्तियां प्रबल हुईं जो एक-दूसरे के समानांतर परन्तु विपरीत थीं। गांधीजी के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी शक्तियों का स्वप्न उस अखंड भारत का था, जो आज के पाकिस्तान, बांग्लादेश और भारत का क्षेत्र है। विभाजन की त्रासदी से राष्ट्रवादी शक्तियों का स्वप्न टूट गया और अंग्रेजों की देश को बांटने की साजिश सफल हुई। मुस्लिम साम्प्रदायिक शक्तियों ने मांग की कि मुस्लिम बहुल क्षेत्रों को मिलाकर पाकिस्तान बने और हिन्दू साम्प्रदायिक शक्तियां अखंड भारत पर अड़ी रहीं, जो उनके अनुसार चिरकाल से हिन्दू राष्ट्र था! जहां हिन्दू और मुस्लिम राष्ट्रवादियों ने धर्म का सहारा लिया और 'दूसरे' समुदाय के लोगों के खिलाफ घृणा फैलाई वहीं राष्ट्रवादी शक्तियों को उस भारत को स्वीकार करना पड़ा जिसकी सीमाएं रेडक्लिफ ने निर्धारित की थीं। भारत धर्मनिरपेक्षता के रास्ते पर चला। धर्मनिरपेक्षता की राह में कई मुसीबतें थीं क्योंकि समाज पूर्णतः धर्मनिरपेक्ष नहीं था और सत्ताधारी कांग्रेस में बहुत से हिन्दू साम्प्रदायिक तत्व भी थे। नेहरू ने पार्टी के अंदर साम्प्रदायिक शक्तियों की बढ़ती ताकत के बारे में चेताया था लेकिन इस मामले में ज्यादा कुछ नहीं किया जा सका क्योंकि आरएसएस की शाखाओं में प्रशिक्षित हिन्दू साम्प्रदायवादियों का समाज और राजनीति पर प्रभाव बढ़ता गया जिसके कारण अंततः आज की स्थिति बनी। इन साम्प्रदायिक शक्तियों ने न केवल मुसलमानों और ईसाईयों को हाशिये पर धकेल दिया है बल्कि वे भारतीय संविधान के विरूद्ध प्रचार कर रहे हैं और अपनी विस्तारवादी सोच प्रदर्शित कर रहे हैं। यह नए संसद भवन के उद्घाटन से भी प्रकट होता है जहां अखंड भारत का एक भित्तिचित्र लगाया गया है। इसमें पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और श्रीलंका को भारत के हिस्से के रूप में दशार्या गया है। संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने ट्वीट किया: 'हमारा स्पष्ट संकल्प है अखंड भारत'। जोशी ने कहा 'अखंड भारत की अवधारणा प्राचीन भारतीय संस्कृति से आई है। संसद का नया भवन भारतीय संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को दशार्ता है, जो भारत के विभिन्न क्षेत्रों और उनके सभी आयामों का प्रतिनिधित्व करता ह।' एक अन्य भाजपा नेता मनोज कोटक ने ट्वीट किया 'नए संसद भवन में दशार्या गया अखंड भारत एक शक्तिशाली और आत्मनिर्भर भारत को दशार्ता है'। भारत सरकार के अधिकृत प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा 'इस भित्तिचित्र में अशोक का साम्राज्य दिखाया गया है और यह उनके (अशोक) द्वारा अपनाई गई और प्रचारित उत्तरदायी और जनोन्मुखी शासन की अवधारणा को दशार्ता है।' पाकिस्तान और नेपाल की सरकारों ने भाजपा नेताओं द्वारा 'अखंड भारत' की बातें करने पर चिंता जाहिर की है। यह काबिलेगौर है कि ये नेता चीन द्वारा भारत की भूमि के एक बड़े टुकड़े पर कब्जा जमाने पर चुप हैं। अखंड भारत की परियोजना आरएसएस के दिमाग की उपज है। महात्मा गांधी ने यह एकदम साफ कर दिया था कि बर्मा और श्रीलंका जैसे देशों के सन्दर्भ में भारत की किसी तरह की साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षाएं नहीं हैं। भारत ने अपनी सीमाओं को स्वीकार किया और अपने पड़ोसी देशों से कूटनीतिक सम्बन्ध स्थापित किये। इसी दिशा में दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) की स्थापना हुई और भारत ने इसकी गतिविधियों में उत्साह से भागीदारी की। सार्क के कारण दक्षिण एशियाई देशों में संस्कृति, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में परस्पर सहयोग बढ़ा और अंतर्देर्शीय पर्यटन में भी बढ़ोत्तरी हुई। पीछे कुछ सालों से सार्क की गतिविधियां ठप्प हैं। क्या अखंड भारत का यह मतलब है कि भारत इन देशों पर हमला कर उन पर कब्जा कर लेगा और फिर दिल्ली में बैठा बादशाह (जो पहली ही से बादशाह की तरह व्यवहार कर रहा है) उन पर शासन करेगा? इस तरह का विस्तारवाद, केवल संकीर्ण राष्ट्रवाद पर आधारित देशों को शोभा देता है। हिटलर के राज में जर्मनी इसका एक उदाहरण है। राममनोहर लोहिया और अन्यों ने भारत और पाकिस्तान का महासंघ बनाने की बात कही थी। इस सन्दर्भ में सार्क का अनुभव अत्यंत सकारात्मक था परन्तु भारत में बढ़ती साम्प्रदायिकता और पाकिस्तान, श्रीलंका और म्यांमार जैसे देशों में कट्टरपंथी ताकतों के बढ़ते बोलबाले के कारण सार्क मृतप्राय हो गया है। हमें अगर एक होना है, तो क्षेत्रीय सहयोग ही एकमात्र रास्ता है। हमें सीमाओं को सेतु बनाना होगा। यह एक सपना लग सकता है परन्तु यूरोपियन यूनियन इसका उदाहरण है कि किस प्रकार लम्बे समय तक एक-दूसरे से युद्धरत रहे देश एक हो सकते हैं। आज पूरे यूरोप में एक मुद्रा और एक वीसा है। देशों की सीमाएं खुली हुईं हैं और शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और लगभग हर अन्य क्षेत्र में यूरोप के देश एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं और एक बेहतर यूरोप बनाने का प्रयास कर रहे हैं। हां, पिछले कुछ समय से कतिपय महाशक्तियों की महत्वाकांक्षाओं के कारण दुनिया में उथल-पुथल जरूर मची हुई है। हमें अखंड भारत की जरुरत नहीं है। हमें क्षेत्रीय सहयोग की जरुरत है ताकि दक्षिण एशिया के देश अपनी-अपनी सरकारों को एकाधिकारवादी प्रवृत्तियों से मुक्त कर आम आदमी की जिन्दगी बेहतर बनाने की दिशा में काम कर सकें. संसद में लगे भित्तिचित्र को अशोक के साम्राज्य के उच्चतर मूल्यों का प्रतिनिधि माना जाना चाहिए। अशोक का साम्राज्य जनकल्याणकारी था, विस्तारवादी नहीं। विस्तारवादी तानाशाहों ने अपने और अपने आसपास के देशों को बर्बाद करने और लाखों लोगों का खून बहाने के अलावा कुछ हासिल नहीं किया।

# यमुना नदी के हत्यारे

डॉ. नीरज भारद्वाज

**भारतीय** सनातन संस्कृति में नदियों को माता कहा जाता रहा है। आज भी बहुत से लोग इस बात को मानते-समझते हैं। लेकिन मानव मूल्यों के ह्लास युग में केवल लोगों को अपना स्वार्थ ही दिखाई दे रहा है, ऐसा प्रतीत होता है। आज भी योगी-संत-महात्मा आदि कितने ही व्यक्ति स्नान करते समय एक श्लोक बोलते हैं- गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती। नर्मदे सिन्धु कावेरी जले अस्मिन्‍ सिन्निधिम्‍ कुरू।। इसमें वह भारतवर्ष की पवित्र नदियों के नाम लेते हैं लेकिन यह श्लोक दिल्ली के लोगों और उससे आगे के शहर-नगर-महानगर में रहने वाले लोगों को नहीं बोलना चाहिए। उन्हें वह शोभा भी नहीं देता है क्योंकि इन सभी ने मिलकर तो यमुना हो मार दिया है। विचार करें तो मरे हुए को भी मुक्ति मिल जाती है लेकिन जिसे तड़पाया जाए, सड़ाया जाए, गलाया जाए, उसे रोज-रोज नए-नए घाव दिए जाएं, उसका क्या होगा? माँ यमुना के साथ ऐसा ही हो रहा है।

माँ यमुना हर वर्ष लगभग बरसात के मौसम में हमें माफ कर देती है, ऐसा हमें लगता है। बरसात में वह अपने यौवन पर रहते हुए, अपने अंदर बहने वाली हर छोटी-बड़ी गंदगी को बहा ले जाती हैं। हम सब को यह संदेश देती है कि अब मुझे गंदा मैला मत करना लेकिन ढाक के वही तीन पात। ना तो जन जगता है और ना ही सरकारें, केवल वादे होते हैं और फिर जमकर लूट होती है।

मैंने इस लेख में यमुना के हत्यारे इसलिए कहा है क्योंकि किसी की हत्या करी ही इसी कारण से है कि उसकी हत्या के बाद करोड़ों-अरबों का इंश्योरेंस का पैसा मिलना है। ठीक वैसे ही यमुना की हत्या करी ही सफाई के पैसों को खाने के लिए की गई है। यमुना सफाई के नाम पर करोड़ों-अरबों रुपया सरकार और सरकारी संस्थाएं तथा इससे जुड़े लोग खा रहे हैं, काम नाम मात्र का हो रहा है। दिल्ली का सारा गंदा पानी और उसके आगे वाले शहरों का सारा गंदा पानी यमुना नदी में ही जा रहा है। यमुना के जल को छूना भी अपराध बोध लगने लगा है। यहां मैं आंकड़े नहीं दे रहा, केवल आपको समझा रहा हूं।

यमुनोत्री के उद्गम के दर्शन करने तो कितने ही दर्शनार्थी जाते हैं लेकिन उसकी सेवा, उसके रख रखाव का प्रण कितने लोग लेकर आते हैं। यमुना के किनारे भारतवर्ष की राजधानी दिल्ली बसी है लेकिन यमुना की मृत प्राण दशा को देखकर बोनी लगती है। यहां रह रहे लोग कायर, डरपोक, कमजोर नजर आते हैं क्योंकि यमुना के लिए आवाज कम उठती है, अपने स्वार्थ की पूर्ति ज्यादा होती है। यमुना के किनारे आगे चलकर वृंदावन तीर्थ नगरी बसी है जहां भक्ति-दर्शन-योग अपने चरम पर होते हैं। वृंदावन में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से जुड़े कितनी ही कथा-कहानियां हमें बचपन से ही सुनाई गई हैं। यमुना नदी के किनारे ही विश्व के आठ अजूबों में से एक ताजमहल भी बना हुआ है। दूसरे शब्दों में कहें तो यमुना नदी के किनारे संस्कृति, समाज, भक्ति आदि सभी कुछ है। यमुना नदी के किनारे क्या कुछ बसा नहीं है। बस बसा नहीं है तो लोगों के हृदय में यमुना के प्रति प्रेम-भक्ति-दर्शन। कहने को बहुत कुछ है पर वास्तविकता के धरातल पर कुछ और ही दिखाई देता है।

बचपन में माता-पिता के साथ जब भी कभी यमुनापार कहीं जाना होता था तो माता या पिता दोनों में से कोई एक बड़े प्यार से मेरे हाथ में यमुना में सिक्का डालने के लिए कहते थे। मैं सिक्का डालता, हाथ भी जोड़ता, फिर सिर झुकाता और उसे प्रणाम करता लेकिन वर्तमान में पैसों से भरे इस महानगर दिल्ली में यमुना के ऊपर बने पुलों से लाखों-करोड़ों लोग वाहनों से इधर से उधर होते हैं लेकिन बचपन का वह दृश्य बहुत नग्न रूप से दिखाई देता है।

## क्या है राजस्थान में आम आदमी पार्टी का भविष्य ?

-अमरपाल सिंह वर्मा

**आम आ**दमी पार्टी ने 18 जून को श्रीगंगानगर में सभा करके राजस्थान में अपने चुनाव अभियान की शुरूआत कर दी है। अरविंद केजरीवाल ने सभा में लोगों को रिझाने के लिए दिल्ली की तर्ज पर स्कूल खोलने, तीन सौ यूनिट मुफ्त बिजली देने, हर गांव में मोहल्ला क्लीनिक खोलने जैसे वादों का पासा फेंका। सभा में अच्छी भीड़ जुटी। जब केजरीवाल और भगवत मान ने बीजेपी-कांग्रेस को कोसा तो लोगों ने तालियां बजाईं लेकिन बड़ा सवाल यह है कि राजस्थान में आम आदमी पार्टी का भविष्य क्या है? राजस्थान में दो मुख्य दलों बीजेपी-कांग्रेस का ही वर्चस्व है। राज्य के मतदाता बारी-बारी से इन्हीं दलों को सत्ता सौंपते आ रहे हैं। इस बार जहां बीजेपी सत्तापलट के दावे कर रही है, वही कांग्रेस फिर से सरकार बनाने के लिए जी-तोड़ कोशिश में लगी है। चुनावी रणभेरी बजने को है और इसी बीच आम आदमी पार्टी मैदान में कूद पड़ी है। केजरीवाल ने पेपर लीक, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर गहलोत सरकार को घेरा और गहलोत-वसुंधरा राजे के बीच मिली भगत के आरोप लगाए। उन्होंने खुद को शहीद भगत सिंह का चेला बताते हुए जनता से कहा कि राजस्थान में मौका दीजिए। आपका ऐसा दिल जीतेंगे कि 50 साल तक गहलोत-वसुंधरा याद नहीं आएंगे। अच्छी शिक्षा, अच्छी नौकरी, अच्छा इलाज सिर्फ केजरीवाल दे सकता है और कोई नहीं दे सकता। भ्रष्टाचार, गंदी राजनीति मुझे नहीं आती, मुझे सिर्फ काम करना आता है।

केजरीवाल ने राजस्थान में जनता से मौका तो मांगा है लेकिन यहां आप की राह आसान नहीं है। राज्य में पार्टी संगठनात्मक रूप से बहुत कमजोर है। इसीलिए पार्टी ने पंजाब से सटे श्रीगंगानगर में चुनावी अभियान का आगाज किया है। पार्टी को पंजाब से सटे पंजाबी भाषी बहुल श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों में उम्मीद नजर आती है क्योंकि मिनी पंजाब कहे जाने वाले इस इलाके की राजनीति पर पड़ोसी राज्य का थोड़ा-बहुत असर पड़ता है।

भाजपा के गढ़ गुजरात में पांच सीटें जीतकर और लगभग चौदह फीसदी वोट हासिल करके आप राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा प्राप्त कर चुकी है। दिल्ली एवं पंजाब में उसकी सरकार है। गोवा विधानसभा में उसकी दो सीटें हैं।

## भूमि संरक्षण में तीनों इकाइयों में बडे पैमाने पर हो रहा भ्रष्टाचार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भूमि संरक्षण विभाग में नमसा योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। बिल बाउचर बनाकर सरकारी धन का अधिकारी समेत सभी मिलकर बंदरबांट कर रहे हैं।

सोमवार को भूमि संरक्षण विभाग की तीनों इकाइयों में नमसा योजना में बडे पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है। भूमि संरक्षण विभाग इकाई कर्वी-2 में तो भ्रष्टाचार की हदें पार हो गयी हैं। हरदौली, लोहदा, प्रसिद्धपुर, कादरगंज, देवारी, बालापुरमाफी, रेहूटिया आदि गांवों में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। भूमि संरक्षण अधिकारी और इंस्पेक्टर कुछ भाजपा नेताओं से मिलीभगत कर भ्रष्टाचार कर रहे हैं। बीज के नाम व भैस खरीद के नाम पर फर्जी बिल बाउचर बनाये जा रहे हैं। घर की ही भैसों को फर्जी बिल बाउचर बनाकर दिखाया गया है। एक गांव में लगभग 80 से 100 भैंसो का लक्ष्य, चयनित गांवों में आखिर कहां से इतनी भैंसे लाई गई हैं। सरकार की योजना को पलीता लगाया जा रहा है। जांच न होने से भ्रष्टाचारियों के हौसले बढे हुए हैं।

किसानों को 15-20 फीसदी अनुदान देकर दलालों ने वसूली कर ली है। जांच में बडे पैमाने पर भ्रष्टाचार का खुलासा होगा। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से भूमि संरक्षण की तीनों इकाइयों की जांच की मांग की है।

## कोतवाली पुलिस ने तमंचा समेत युवक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी की अगुवाई में दरोगा राधेश्याम सिंह की टीम ने एक युवक को तमंचा समेत दबोचा है।

सोमवार को कोतवाली कर्वी के दरोगा राधेश्याम सिंह की टीम ने भुईंहरीमाफी गांव के रामभवन यादव पुत्र सुखराम यादव के कब्जे से एक तमंचा व कारतूस समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ कोतवाली कर्वी में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा राधेश्याम सिंह, सिपाही राहुल देव शामिल रहे।

## पुलिस ने दबोचा वारंटी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में सरधुवा थानाध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह की अगुवाई दरोगा अनिल कुमार गुप्ता की टीम ने एक वारंटी को दबोचा है।

सोमवार को सरधुवा थाने के दरोगा अनिल कुमार गुप्ता ने वारंटी विद्यासागर यादव उर्फ राजा पुत्र भूषण यादव निवासी खटिपारी का पुरवा को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा अनिल कुमार गुप्ता, सिपाही ललित सोनी शामिल रहे।

## 30 जून तक पिछडे वर्ग के करें आनलाइन आवेदन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सुनहरी लाल ने सभी अन्य पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों से कहा कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के अभ्यर्थी को प्रशिक्षण देने को पात्रता की शर्तें निर्धारित की हैं।

सोमवार को उन्होंने बताया कि अन्तिम तिथि 30 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले व परीक्षा पास करने के बाद अभ्यर्थियों को भारत सरकार से मान्यता प्राप्त इवैक/निलिट संस्था से प्रमाण पत्र दिये जायेंगे, जो शासकीय एवं अन्य सेवाओं को मान्य हैं।

## एक जुलाई को लगेगी पेंशन अदालत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** वरिष्ठ कोषाधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल बांदा की अध्यक्षता में एक जुलाई पूर्वान्ह 11 बजे आयुक्त कार्यालय बांदा में मंडलीय पेंशन अदालत एवं सेवानिवृत्त अध्यापकों/कर्मचारियों के लंबित देय की बाबत जनसुनवाई होगी। पेंशन अदालत से संबंधित वाद निर्धारित प्रारूप पर तीन प्रतियों में तथा जनसुनवाई से संबंधित शिकायत पत्र दो प्रतियों में कार्यालय अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन चित्रकूटधाम मंडल बांदा में पंजीकृत डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप से 23 जून की शाम चार बजे तक जमा करा सकते हैं। पेंशन अदालत से संबंधित वाद पत्र तथा जनसुनवाई से संबंधित शिकायती पत्र की एक प्रति कर्मचारी अपने मूल कार्यालय में प्राप्त कराएंगे।

## करका जंगल में फंदे से लटका मिला शव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील क्षेत्र के बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के करका पडरिया जंगल में फांसी के फंदे से लटके मिले शव की जांच में पुलिस जुट गई है।

सोमवार को मानिकपुर थाने के चूल्ही गांव का कुंजन पैदल देर शाम जंगल के रास्ते करका पडरिया अपने चचेरे भाई मन्ना कोल के घर जा रहे थे। सोमवार को सवेरे ग्रामीणों ने बहिलपुरवा थाने में सूचना दी कि एक व्यक्ति का शव जंगल मे आम के पेड़ में रस्सी से लटक रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से निकालकर जांच में जुट गई है।

बताया गया कि मृतक के खिलाफ बुधवार को एक महिला ने एसडीएम मानिकपुर को छेड़छाड़ मामले का प्रार्थना पत्र दिया था। पूरे मामले में बराह गांव के मुखिया भूपेंद्र सिंह पटेल ने बताया कि सवेरे फोन आया था कि गांव में शव फांसी के फंदे से लटका है। तेंदूपत्ता के विवाद के चलते कुछ दिन पहले गांव की महिला से विवाद हुआ था।

बहिलपुरवा थाने के कमलेश कुमार ने बताया कि झंडे की पत्नी समनी देवी ने पति चुनबाद घर से दारू पीकर शाम को निकल गया था। करका जंगल में उसका शव पेड़ से लटका मिला। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## हाइवे पर खड़ी कंटेनर बनी मौत का काल, बुलेट सवार पति की मौत, पत्नी की हालत गंभीर

**मिजार्मुराद। नेशनल** हाइवे पर ईन दिनों रोड ऐक्सिडेंट का इजाफा ज्यादा बढ़ गया है,जिससे राहगीरों में दहशत फैल गई है। लगातार एक हफ्ते से नेशनल हाइवे पर कंटेनर व ट्रक से बाइक सवार लोगो की टक्कर होने से कई लोगो की मौत हो चुकी है।बताया जाता है कि मिजार्मुराद क्षेत्र के खजूरी स्थित पेट्रोल पंप के सामने एनएच-2 पर रविवार की तड़के शादी के दूसरी सालगिरह के दिन बुलेट सवार पति पत्नी खड़े. ट्रक में पीछे से भिड़ गए ,जिसमे पति-पत्नी घायल हो गए।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को लंका स्थित बीएचयू ट्रामा सेंटर के लिए भेज दिया, लेकिन रास्ते में ही पति की मौत हो गई।

# पदोन्नति में एससी-एसटी का न मारा जाये हक

## टीचर्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** एससी-एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष गया प्रसाद बौद्ध की अगुवाई में शिक्षकों ने प्रधानमंत्री व सूबे के मुख्यमंत्री सम्बोधित पत्र एसडीएम सदर को सौंपा।

सोमवार को सौंपे पत्र में कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पदोन्नति प्रक्रिया में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के शिक्षकों का प्रतिनिधित्व पूरा किये बिना बैकलाक डाटा जारी किये बिना पदोन्नतियां होने व पुरानी पेंशन बहाल की जाये। एसोसिएशन ने कहा कि पदोन्नति प्रक्रिया नियम विरुद्ध चल रही है। बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन विद्यालयों में सहायक अध्यापक, प्रधानाध्यापक का पहले जातिवाद डाटा सम्पूर्ण प्रदेश में प्रकाशित किया जाये। अनुसूचित जनजाति को वैधानिक प्रतिनिधित्व पूरा किया जाये। डाटा जारी कर अनुसूचित जाति के 21 फीसदी प्रतिनिधित्व एवं अनुसूचित जनजाति के दो फीसदी प्रतिनिधित्व पहले दिया जाये। फिर सामान्य की पदोन्नति की जाये। जिला बेसिक




शिक्षाधिकारी कन्नौज, बरेली, बलिया, हाथरस, अमेठी, गोंडा, ललितपुर, प्रयागराज, बहराइच, कौशाम्बी, बाराबंकी अपने पदों का दुरुपयोग कर रहे हैं। ऐसे बीएसए के खिलाफ कार्यवाही की जाये। उनके एसोसिएशन को विभागीय मान्यता दी जाये। उन्होंने इस बाबत 14 सूत्रीय ज्ञापन में अन्य कई मांगे उठाई हैं। ज्ञापन देने में गयाप्रसाद बौद्ध के साथ महामंत्री मुन्नीलाल शाक्य, रामबाबू, राजकुमार, भइयालाल, रामबालक सिंह, रामकेश, अभिषेक वर्मा, रोहित कुमार, रामबाबू आदि मौजूद रहे।

## विभिन्न समस्याओं को लेकर भाकपा ने सौंपा ज्ञापन

### बुल्डोजरगिरी नहीं होगी बर्दाश्त

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाकपा जिला सचिव मंडल ने का अमित यादव एड जिला सचिव की अगुवाई में जिलाधिकारी संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन एडीएम को सौंपा।

सोमवार को सौंपे ज्ञापन में का अमित यादव ने कहा कि पूरे जिले में हर घर नल योजना के तहत सड़कों को ध्वस्त किया है। बरसात होने पर ग्रामीणों का आवागमन दूभर हो जाएगा। खराब सड़कों को तत्काल ठीक कराया जाये। गर्मी में पानी की किल्लत देखते हुए नलों में पानी की व्यवस्था की जाये। योजना में व्याप्त भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। राजपूत



विद्यालय के पास शोभा सिंह के पुरवा में नाली निर्माण कराकर जलभराव से होने वाली जनहानि व संक्रामक बीमारियों की रोकथाम को तत्काल रोका जाये। बरसात से पहले जिले की नालियों की सफाई कराई जाए। कोठी तालाब की सीढ़ियों का जीर्णोद्धार करायें। शासन जितने आवास दे रही है उससे ज्यादा गरीबों के आवास पर बुल्डोजरगीरी कर ध्वस्त किया जा रहा है। भाकपा बर्दाश्त नहीं करेगी। गरीब का घर रोड़ में आ रहा है तो उसे कहीं आवास दें।

ज्ञापन देने में पूर्व विधायक का राम प्रसाद सिंह, का कमलेश प्रसाद, का संदीप कुमार पाण्डेय, का कमलेश कुमार यादव, का शिवनरेश सिंह मौजूद रहे।

## जुलाई माह में चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जुलाई माह से शुरू होने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में प्रशिक्षण हुआ। प्रशिक्षण में अभियान दौरान होने वाली गतिविधियों की बाबत चर्चा हुई। पहली बार संभावित कालाजार, कुष्ठ और फाइलेरिया रोगियों की भी लाइन लिस्टिंग की जाएगी। हालांकि जिले में कालाजार के कोई केस नहीं है।

सोमवार को सभागार में हुए एक दिवसीय प्रशिक्षण में एसीएमओ व वीबीडी ने बताया कि एक माह तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान में बुखार रोगियों को



चिन्हित किया जाएगा। संभावित टीबी के मरीजों के साथ कोविड लक्षण वाले मरीजों की सूची बनेगी। कुपोषित बच्चों की खोजकर समय से प्रबंधन किया जायेगा। डा संतोष ने बताया कि अभियान में पहली बार कालाजार, कुष्ठ और फाइलेरिया रोगियों की भी लाइन लिस्टिंग की जाएगी। जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहेब ने बताया कि एक से 31 जुलाई तक संचारी रोग और 17 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलेगा। टीमें मच्छर प्रजनन वाले घरों को चिन्हित करेंगी, ताकि समय से मच्छरों की पैदावार पर रोक लगायी जा सके। अभियान में ग्राम विकास एवं पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, जिला कृषि अधिकारी, पशुपालन विभाग भी सहयोग करेंगे। प्रशिक्षण में यूनिसेफ के डीएमसी दिलीप द्विवेदी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा मुकेश, एमओआईसी, बीसीपीएम, बीपीएम और संबंधित विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में जिला मलेरिया अधिकारी, यूनिसेफ के डीएमसी दिलीप द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## एसपी के निर्देश पर परामर्श केन्द्र में दो दम्पतियों में हुई सुलह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने को जारी प्रयास में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में पुलिस टीम ने पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर दो दम्पत्ति जोड़ों में सुलह कराई।

सोमवार को कोतवाली कर्वी के नींबी रेहुटिया की श्रीमती रचना देवी पत्नी शिवसिंह ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में कहा कि पति शिव सिंह पुत्र भैंरोप्रसाद निवासी पश्चिम शरीरा जिला कौशाम्बी उसके साथ मारपीट एवं



गाली-गलौज करते हैं। इसी क्रम में रैपुरा थाने के घेरहटा गांव के कुलदीप उर्फ मनीष पुत्र देवीदयाल ने भी एसपी को सौंपे पत्र में कहा कि पत्नी मनदेवी पुत्री गया प्रसाद निवासी औझर थाना मऊ उसके साथ झगड़ा करती है। सही से नहीं रहती है।

पुलिस अधीक्षक ने दोनों मामलों के निस्तारण की जिम्मेदारी प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को सौंपी। प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक श्रीमती रीता सिंह ने शिकायतकताओं की बातों को विस्तार से सुनकर दूसरे पक्ष को पुलिस कार्यालय बुलाया। दोनो पक्षों से भविष्य में विवाद न करने व पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की सलाह दी।

आपसी सुलह होने पर दोनों दम्पत्ति जोड़ों को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र ने तालमेल से सही ढंग से दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। टीम में प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक श्रीमती रीता सिंह, महिला सिपाही सुरुचि चैधरी, महिला सिपाही रक्षा यादव शामिल रही।

## वह दिन दूर नहीं जब नदी के नाम पर रह जायेगा कचरा

### बुंदेली सेना ने डीएम से की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** गंदगी और प्लास्टिक कचरे से बजबजा रहे पुलघाट कर्वी में बुंदेली सेना ने सफाई अभियान चलाया। अभियान में पांच सौ पालीथिन थैलियां नदी से बाहर निकाली। डीएम से सेना ने पुलघाट में पूजन सामग्री विसर्जन कुंड बनवाने, पुल में सीसीटीवी कैमरे लगवाने और नदी में कचरा फेंकने वालों पर जुमार्ना लगाने की मांग की है।

सोमवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि पुलघाट में गंदगी का अम्बार लगा है। घाट नहाने लायक बनाने को दो दिन



कर्वी में सफाई करने का निर्णय लिया है। पुल के ऊपर से रोज दर्जनों पालीथिन थैलियां नदी में फेंकी जाती हैं। सफाई दौरान लगभग पांच सौ थैलियां नदी से निकाली गईं। पूजन सामग्री पालीथिन थैलियों में भरकर लोग नदी में फेंक जाते हैं। बुंदेली सेना ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पुलघाट और राजा घाट में हवन-पूजन सामग्री विसर्जित करने को कुंड बनवाए जायें। नदी में पालीथिन फेंकने वालों पर जुमार्ना और सजा की जाये। सुबह-शाम होमगार्डों की पुल में ड्यूटी लगाई जाये। सीसीटीवी कैमरा लगवाकर निगरानी कराई जाये। नदी को बचाना है तो कडे कदम उठाने होंगे।

लोगों से अपील किया कि नदी में पालीथिन थैलियां फेंकना बंद करें। अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब केवल कचरा होगा, लेकिन फेंकने को नदी नहीं होगी। सफाई अभियान में वीपी पटेल, जानकीशरण गुप्ता, अतुल सिंह, इरफान खान, पप्पू खान, दादू केशरवानी आदि ने सहयोग किया।

## गोविंद नगर थाना क्षेत्र में 11 जून को हुई 20 किलो चांदी लूट की वारदात का पुलिस ने किया खुलासा

**मथुरा। गोविंद** नगर थाना क्षेत्र में 11 जून को हुई 20 किलो चांदी लूट की वारदात का पुलिस ने खुलासा किया है। वरिष्ठ पुलिस शैलेष कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में 1- मास्टरमाइंड दीपक तिवारी उर्फ दीपू नि0 माया टीला, हालनगंज थाना गोविन्दनगर, 2- रवेन्द्र कुमार माँझी उर्फ रोबिन नि0 गंगतीरा खुर्द थाना सोहागी जिला रीवा (म0प्र0), 3- पीतम सिंह माँझी उर्फ छोटू नि0 गंगतीरा खुर्द थाना सोहागी जिला रीवा (म0प्र0), 4- नीलेश कुमार सोनी नि0 त्यौथर थाना सुहागी जिला रीवा (म0प्र0), 5- दीपक की प्रेमिका को किराए के मकान से शनिवार को गिरफ्तार किया गया है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

अभियुक्त दीपक तिवारी उर्फ दीपू का उसकी पत्नी से विवाद चल रहा था, 01 वर्ष पूर्व उसकी मुलाकात अपनी प्रेमिका से हुयी। प्रेमिका भी अपने पति दिनेश चौधरी से विवाद चलते अकेली रह रही थी। इसी बीच इन दोनों की मुलाकात हुयी और आपस में एक दूसरे से प्रेम संबंध हो गये, दोनो एक साथ किराये के मकान कृष्णापुरम, बिरला मंदिर के पास में लिव इन रिलेशन में रहने लगे। दीपक तिवारी गोपेश कुमार खण्डेलवाल नि0 द्वारकेश कालौनी मथुरा के यहां पहले चांदी की मजदूरी का कार्य करता था, मजदूरी बढ़ाने की बात पर गोपेश कुमार ने दीपक तिवारी को काम से निकाल दिया था। इसी बात की दीपक तिवारी रंजिश मानने लगा। दीपक तिवारी को गोपेश कुमार खण्डेलवाल के काम की पूरी जानकारी थी तथा यह भी जानकारी थी कि गोपेश कुमार की चांदी को मोतीलाल स्कूटी से लेकर कब आता-जाता था।

कुछ दिनों पहले दीपक तिवारी की प्रेमिका के भाई गांव से पीतम सिंह माँझी उर्फ छोटू अपने साथी रवेन्द्र कुमार माँझी उर्फ रोबिन के साथ मथुरा आया था और दीपक तिवारी के किराये के मकान पर रहने लगा। इसी बीच इन चारों ने मिलकर गोपेश कुमार खण्डेलवाल की चांदी लूटने की योजना बनायी और उसी समय चांदी गलाने की बात भी तय कर ली। उस दिन किसी कारण इन लोगों का मौका नही लग सका था। जिसके बाद पीतम सिंह माँझी व रवेन्द्र कुमार माँझी दोनो अपने गांव गंगतीरा खुर्द जिला रीवा (मध्य प्रदेश) वापस चले गये थे। पूर्व योजना के तहत दिनांक 01.06.2023 को दीपक तिवारी ने अपनी प्रेमिका को उसके गाँव गंगतीरा खुर्द भेज दिया था तथा अपने साथियों के साथ राहगीरों के मोबाइल फोन से संपर्क करता रहा। जिसके क्रम में दिनांक 07.06.2023 को दीपक तिवारी ने अपनी प्रेमिका के भाई पीतम सिंह माँझी व रवेन्द्र कुमार माँझी को मथुरा बुलाने के लिए कहा और 500 रुपए बतौर किराया फोन पे द्वारा भिजवाये गये, जिस पर रवेन्द्र कुमार माँझी दिनांक 08.06.2023 को सुबह मथुरा आया और दिनांक 09.06.2023 को शाम के समय दीपक तिवारी व रवेन्द्र कुमार माँझी ने मिलकर विकास बाजार के सामने काम्प्लैक्स में से एक मोटर साइकिल स्प्लैन्डर प्लस बिना नम्बर प्लेट चोरी की तथा दिनांक 11.06.2023 को समय करीब 12.15 बजे योजनाबद्ध तरीके से दीपक तिवारी व रवेन्द्र कुमार माँझी ने मिलकर झण्डा चौराहे से गोपेश कुमार खण्डेलवाल के कर्मचारी मोतीलाल की स्कूटी का पीछा किया तथा अपनी मोटर साइकिल से पीछा करते हुये कच्ची सड़क पर ही उसको ओवर टेक करके द्वाराकेश कालौनी में मोतीलाल की स्कूटी आने से पहले प्रवेश किया तथा गोपेश कुमार खण्डेलवाल के घर से करीब 03, 04 घर पहले अपनी मोटर साइकिल पुनः कच्ची सड़क की तरफ मोड़ ली और मोटर साइकिल पर पीछे बैठे साथी रवेन्द्र कुमार माँझी ने चलती स्कूटी पर मोतीलाल की आँखो पर मिर्च का पाउडर मारकर स्कूटी पर आगे पैरों के बीच में रखे बैग को छीनकर दोनो लोग लूट की घटना को अंजाम देकर नाले वाली सड़क पर होते हुये लाल दरवाजा रोड़ से हालनगंज होते हुये बैरागपुरा से निकलकर उसी मोटर साइकिल से अपने किराये के स्थान कृष्णापुरम कालौनी आये और मोटर साइकिल को पार्क में खड़ी करके दोनो लोग रेल से अपनी प्रेमिका के गाँव गंगतीरा खुर्द (मध्य प्रदेश) पहुँच गए। जहां पर चारों ने मिलकर वहां नीलेश कुमार सोनी से संपर्क किया और दिनांक 15.06.2023 को चारों व नीलेश कुमार सोनी सभी लोग नीलेश कुमार सोनी के बताये स्थान इलाहाबाद आये और नीलेश ने उक्त लूटी गयी चांदी में से चांदी के तार को गलवा कर पक्की चांदी की 07 ईंटे तैयार करवाई। जिसकी पक्की स्लिप नीलेश की जेब से प्राप्त हुयी तथा लूटी गयी चांदी में पाजेब थी उनमें से कुछ पाजेबों को घर इस्तेमाल एवं भविष्य मे सैम्पल के लिए निकालकर रख ली।

## लाभार्थियों गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशु को पुष्टाहार वितरित

**नगीना विकासखंड** कोतवाली से संचालित नगर के छिप्पी पाड़ा में आंगनबाड़ी केंद्र पर लाभार्थियों गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशु को पुष्टाहार वितरित किया गया।

स्थानीय मोहल्ला छिप्पी पाडा वार्ड नंबर 3 में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्र की संचालिका अफरोज ने अपने वार्ड की गर्भवती महिलाओं एवं 3 से 7 माह तक के नवजात शिशुओं को गेहूं का दलिया, रिफाइंड तेल, वे योजना आय सभी समान लाभार्थियों को वितरित किया। इस मौके पर विकासखंड कोतवाली के सीडीपीओ सोनवीर सिंह त्यागी ने ने बताया कि नगर क्षेत्र में 30 आंगनवाड़ी केंद्र है जिनमें से जो आंगनवाड़ी केंद्र वन चले आ रहे हैं और 28 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है जिनमें नगर क्षेत्र के की 3000 गर्भवती महिलाओं एवं 3 से 7 माह तक के नवजात शिशु को पुष्टाहार वितरित किया जा रहा है।

सीडीपीओ सोनवीर सिंह त्यागी ने बताया कि प्रदेश सरकार गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के लिए पुष्टाहार की योजना चला रही है ताकि गर्भवती और नवजात शिशु को स्वास्थ्य लाभ मिल सके उन्होंने बताया कि योजना मैं पूरी पारदर्शिता के साथ पुष्टाहार यूपी में किया जाता है यदि किसी कार्यकत्री की शिकायत मिलती है तो उस पर तत्काल कार्रवाई की जाती रही है उन्होंने सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से सरकार द्वारा चलाए जा रहे पुष्टाहार योजना के पात्रों को ही लाभ दिलाएं। जिला अस्पताल में पहली बार एक ग्रामीण के कूल्हे का प्रत्यारोपण किया गया।

# विदेश संदेश

## चीन के प्रधानमंत्री जर्मनी और फ्रांस की पांच दिवसीय यात्रा पर, पहले चरण में बर्लिन पहुंचे

**बर्लिन।** चीन के प्रधानमंत्री ली छ्यांग अपनी पांच दिवसीय विदेश के पहले चरण में जर्मनी की राजधानी बर्लिन पहुंच गए। वह जर्मनी में आयोजित सातवें चीन-जर्मनी सरकारी परामर्श में भाग



लेंगे। यहां के बाद वह फ्रांस जाएंगे। ली वहां नव वैश्विक वित्त पोषण अनुबंध शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। ली छ्यांग ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद जर्मनी उनकी पहली विदेश यात्रा का पहला पड़ाव है। यह मैत्री और सहयोग की यात्रा है। चीन के विदेशी मामलों के विशेषज्ञों का दावा है कि चीन दो यूरोपीय देशों जर्मनी और फ्रांस के साथ द्विपक्षीय संबंधों रणनीतिक संबंधों को बहुत महत्व देता है।

## नेपाल में बाढ़-भूस्खलन से तबाही जैसे हालात, अब तक पांच की मौत-28 लापता; मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

**काठमांडू।** पूर्वी नेपाल में मानसून की वजह से भारी बारिश हो रही है। भारी बारिश की वजह से कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। कई जगहों से भूस्खलन की खबरें आईं। बारिश और भूस्खलन से अब तक पांच लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 28 अन्य लापता बताए जा रहे हैं। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक, भारी बारिश ने कोशी प्रांत के कई जिलों खासकर ताप्लेजंग, पंचथर, संखुवासभा और तेरहथुम में तबाही मचाई है। यहां बाढ़ और भूस्खलन के बाद कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई है। सड़कों, पुलों और एक पनबिजली परियोजना को भी नुकसान हुआ है।जानकारी के मुताबिक, चैनपुर नगर पालिका-4 में निर्माणाधीन सुपर हेवा जलविद्युत परियोजना क्षेत्र में कार्यरत एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस दौरान 21 अन्य लापता हो गए। पुलिस उपाधीक्षक बीरेंद्र गोदर ने कहा कि मजदूर बाढ़ के बाद सुरक्षित स्थान पर चले गए या हेवा नदी में बह गए? हम इसकी जांच कर रहे हैं।

**अभी जारी रहेगा बारिश का दौर**

पड़ोसी पंचथर जिले में भूस्खलन में एक मकान के बह जाने से नौ वर्षीय एक बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि चैनपुर के पांच ग्रामीण भी इलाके में बाढ़ के बाद लापता हो गए हैं। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि चैनपुर नगर पालिका-4 और पांचखपन नगर पालिका-9 में भूस्खलन के बाद नदी अवरुद्ध हो गई। मौसम पूर्वानुमानकर्ताओं ने आगामी दिनों में नेपाल में भारी बारिश जारी रहने की चेतावनी दी है। इस दौरान नदियों का जल स्तर बढ़ने का अलर्ट भी जारी किया गया है।

## अमेरिका के सेंट लुइस में गोलीबारी, एक किशोर की मौत और नौ घायल

**वाशिंगटन।** अमेरिका में गोलीबारी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा घटना यहां के डाउनटाउन सेंट लुइस में सामने आई है। यहां हुई गोलीबारी की ताजा घटना में एक 17 साल के किशोर की मौत हो गई और नौ घायल हो गए। बताया जा रहा है कि जिस वक्त यह घटना हुई उस समय एक इमारत के अंदर एक पार्टी चल रही थी। डाउनटाउन सेंट लुइस मेयर तिशौरा जोन्स ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस गोलीबारी में किशोर की मौत के साथ ही नौ अन्य लोग घायल हो गए। वहीं, पुलिस प्रमुख रॉबर्ट ट्रेसी ने इस बारे में कहा कि इस घटना में एक 17 वर्षीय संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। मेयर जोन्स ने इस घटना को लेकर कहा कि इस फादर्स डे, सेंट लुइस क्षेत्र के परिवारों की नींद एक और सामूहिक गोलीबारी की खबर से खुली। यह हर माता-पिता के लिए सबसे बुरे सपने जैसा है। जानकारी के मुताबिक, सेंट लुइस में एक इमारत में एक पार्टी आयोजित की गई थी। पार्टी के दौरान करीब एक बजे गोलीबारी की घटना हुई।

## सुपर राफेल बना रहा फ्रांस, अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-35 से होगा मुकाबला

**पेरिस।** दुनिया में युद्धक विमानों की होड़ को और तेज करते हुए फ्रांस अब सुपर राफेल लड़ाकू विमान बना रहा है। इसका मुकाबला अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-35 से होगा।

फ्रांसीसी विमान निर्माता कंपनी डसॉल्ट एविएशन सुपर राफेल एफ5 का निर्माण कर रही है। यह लड़ाकू विमान स्टील्थ तकनीक से लैस होगा और हाइपरसोनिक मिसाइलों को भी उड़ा सकेगा। इस विमान के साथ लड़ाकू ड्रोन को भी जोड़ा जा सकेगा। स्वरक्षा प्रणाली के साथ संयुक्त जैमिंग रडार से लैस सुपर राफेल एफ-5 लड़ाकू विमान, जिस समय युद्ध के मैदान में होगा, तो वह अपने लिए एक सुरक्षा दीवार का सृजन भी कर सकेगा। इन स्थितियों में सुपर राफेल पर हमला करने के लिए आई दुश्मन की एयर डिफेंस मिसाइलें इसके आसपास नहीं आ पाएंगी। फ्रांस के इस लड़ाकू विमान का मुख्य मुकाबला अमेरिका के एफ-35




से होगा। वर्तमान में अमेरिका अपने एफ-35 को दुनिया के कई देशों को बेच रहा है। इसके अलावा किसी भी देश के पास मार्केटिंग के लिए एफ-35 जैसा लड़ाकू विमान नहीं है। फ्रांसीसी रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार सुपर राफेल एक नया लड़ाकू विमान है। यह सिर्फ एक लड़ाकू विमान न होकर कई तरह की खूबियों से लैस होगा। इस महीने की शुरुआत में फ्रांस के सशस्त्र बलों के मंत्रालय ने 2024-2030 तक का सैन्य योजना कार्यक्रम प्रस्तावित किया था, इसमें सुपर राफेल की जानकारी दी गयी थी।

## नेपाल के लोगों से माफी मांगने के बावजूद काठमांडू के सिनेमाघरों में 'आदिपुरुष' पर रोक

**काठमांडू।** आदिपुरुष फिल्म की प्रोडक्शन कंपनी सुपर कैसेट्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने फिल्म के संवाद के कुछ अंशों के लिए नेपाल के लोगों से माफी मांगी है। कंपनी का कहना है कि उन संवाद का मकसद नेपाल के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं था। हालांकि इसके बावजूद काठमांडू के सिनेमाघरों में फिल्म का प्रदर्शन रोक दिया गया है। सोमवार को काठमांडू के किसी भी हॉल में आदिपुरुष फिल्म नहीं दिखाई जा रही है।

नेपाल फिल्म एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार उदय ने कहा कि काठमांडू महानगर के अभियान का समर्थन करने के लिए आदिपुरुष के प्रदर्शन को रोक दिया गया है। हालांकि उन्होंने इस संवाद को हटाने का समर्थन किया कि सीतामाता भारतीय बेटी है। उन्होंने कहा कि हिंदी फिल्मों को पूरी तरह से बंद करने पर कोई सहमति नहीं है। आदिपुरुष की प्रोडक्शन कंपनी सुपर कैसेट्स ने




काठमांडू के मेयर बालेन शाह और फिल्म डेवलपमेंट बोर्ड को पत्र लिखकर नेपाल के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने पर माफी मांगी है। आदिपुरुष में प्रभास ने स्पष्ट कर दिया है कि वह सीतामाता की जन्मभूमि का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। काठमांडू के मेयर बालेन शाह ने फिल्म आदिपुरुष में सीता माता को भारतीय बताते हुए संवाद हटाने तक आज से भारतीय फिल्मों के प्रदर्शन पर रोक लगाने की घोषणा की है।

## मोदी की यात्रा से उत्साहित अमेरिकी सांसद, द्विपक्षीय संबंधों का महत्वपूर्ण बिंदु बनेगी यात्रा

**वाशिंगटन।** भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बुधवार 21 जून से शुरू हो रही अमेरिका यात्रा से अमेरिकी सांसद खासे उत्साहित हैं। उन्हें उम्मीद है कि मोदी की अमेरिका यात्रा से दोनों देशों के पुनर्गठन में तेजी आएगी। वे मानते हैं कि भारतीय प्रधानमंत्री की यह यात्रा द्विपक्षीय संबंधों का महत्वपूर्ण बिंदु साबित होगी और दोनों देशों के एक साथ आगे बढ़ने का प्रमुख प्रतीक बनेगी। भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 21 से 24 जून तक अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान वे 22 जून को अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे। इस यात्रा को लेकर उत्साहित रिपब्लिकन सांसद टॉड यंग ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा अमेरिका और भारत के संबंधों में एक महत्वपूर्ण बिंदु है। अमेरिकी सदन में इंडियाना का प्रतिनिधित्व करने वाले यंग ने कहा कि दोनों देशों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाने



के लिए मिलकर काम करना जारी रखना चाहिए।

सीनेट इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष व रिपब्लिकन सांसद जॉन कॉर्निन ने उम्मीद जताई कि इस यात्रा से भारत-अमेरिका के पुनर्गठन में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि दोनों देश इतिहास की बातें कर सकते हैं, किन्तु अब हम वापस जाकर इतिहास बदल नहीं सकते। हम अपने मौजूदा वास्तविक खतरे पहचान सकते हैं। उन्होंने कहा कि चीन के साथ चल रहे सीमा युद्ध को लेकर भारत की चिंताएं सही हैं। कॉर्निन ने कहा कि भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को अधिक अमेरिकी निवेश के लिए खोलने और हमारे साथ काम करने से लाभ होगा। प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा हमारे एक साथ बढ़ने का बहुत महत्वपूर्ण प्रतीक है। भारत अपनी रणनीतिक स्वतंत्रता बनाए रखना चाहता है और यह एक सकारात्मक संकेत है। सांसद मार्क वार्नर ने कहा कि यूक्रेन पर आक्रमण करने वाले रूस के सैनिकों की तुलना में चीन के पास भारतीय सीमा पर अधिक खतरनाक सैनिक हैं। उन्होंने कहा कि यह ताइवान की समस्या नहीं है, यह चीन की समस्या है। भारतीय इसे पहचानते हैं। कांग्रेसी जुआन सिस्कोमनी ने कहा कि मोदी की ऐतिहासिक यात्रा को लेकर वे बहुत उत्साहित हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका और भारत के बीच इस रिश्तों के मामले में दोनों देशों का सम्मान अर्जित किया है।

## भारत में वांछित खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की कनाडा में गोली मारकर हत्या

**ओटावा।** कनाडा में ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के पंजाबी बहुल सरे में स्थित गुरु नानक सिख गुरुद्वारा में भारत में वांछित खालिस्तान समर्थक नेता हरदीप सिंह निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई।



वह इस गुरुद्वारा का अध्यक्ष था। भारत में पंजाब के फिल्लौर में पुजारी हत्याकांड मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंकी हरदीप सिंह निज्जर पर 10 लाख रुपये के इनाम की घोषणा की थी। निज्जर अलगाववादी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) से संबद्ध था। यह संगठन भारत में प्रतिबंधित है। निज्जर ने ब्रैम्पटन शहर में खालिस्तान जनमत संग्रह कराने में अहम भूमिका निभाई थी। भारत की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने निज्जर के खिलाफ कथित तौर पर आतंकी हमले की साजिश रचने के आरोप में आरोपपत्र दायर किया था। भारत ने कनाडा के अधिकारियों से पंजाब में आतंकवादी गतिविधियों में कथित संलिप्तता के लिए निज्जर के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा था।

## भारतीय प्रधानमंत्री की राजकीय यात्रा से पहले समूचा अमेरिका मोदीमय

**वाशिंगटन।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राजकीय यात्रा शुरू होने से पहले समूचा अमेरिका मोदीमय हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए यहां रह रहे भारतीय-अमेरिकियों का उत्साह पूरे शबाब पर है। उनकी यात्रा से पहले सैकड़ों भारतवंशी देश के प्रमुख स्थानों पर एकत्र होकर अपनी खुशी का इजहार कर रहे हैं।

वाशिंगटन डीसी और आसपास के इलाकों में सैकड़ों लोग भारत-अमेरिका एकता का संदेश देने के लिए राष्ट्रीय स्मारक के पास एकत्र हुए। उन्होंने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री मोदी का बेसब्री से इंतजार है। मोदी-मोदी और भारत-अमेरिका दोस्ती के नारे लगाते हुए लोगों ने ऐतिहासिक लिंकन मेमोरियल के आसपास जुलूस निकाला। इस दौरान खुशी में डूबे कुछ लोग अचानक नाचने भी लगे। इसी तरह के दृश्य न्यूयॉर्क में टाइम्स स्क्वायर और सैन फ्रांसिस्को में गोल्डन गेट ब्रिज पर भी दिखाई दिए।




वाशिंगटन डीसी और न्यूयॉर्क में प्रधानमंत्री मोदी के विभिन्न कार्यक्रमों के लिए टिकट खरीदने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। इंडियास्पोरा के संस्थापक एमआर रंगास्वामी का कहना है कि यह मोदी मैजिक है। व्हाइट हाउस के साउथ लॉन में गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत समारोह में कई हजार भारतीय मूल के लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। राष्ट्रपति बाइडन और प्रथम महिला डॉ. जिल बाइडन उनका स्वागत करेंगे। अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र में प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन सुनने के लिए बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकी अब भी टिकट की तलाश कर रहे हैं। सांसदों को यह तय करने में मशक्कत करनी पड़ रही है कि आगंतुक दीर्घा से प्रधानमंत्री के भाषण को सुनने के लिए वे अपना एक टिकट किसे दें। सनद रहे अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 21 से 24 जून तक अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे। बाइडन दंपति 22 जून को प्रधानमंत्री के सम्मान में राजकीय रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 22 जून को ही कांग्रेस के संयुक्त सत्र को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी वाशिंगटन के प्रतिष्ठित रोनाल्ड रीगन बिल्डिंग ऐंड इंटरनेशनल ट्रेड सेंटर में 23 जून को भारतीय-प्रवासियों को संबोधित करेंगे।

## शहबाज सरकार ने कट्टरपंथी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान के सामने घुटने टेके

**लाहौर।** पाकिस्तान की को खत्म करने की घोषणा की गई। इसके बाद मार्च में शामिल



लोग अपने ठिकानों की ओर लौट गए।


मुल्क के गृहमंत्री राणा सनाउल्ला ने कहा है कि सरकार ने टीएलपी की सभी उचित मांगें मान ली हैं। इनमें ईश निंदा कानून को और प्रभावी बनाने की मांग भी शामिल है। सरकार और टीएलपी के बीच 12 बिंदुओं पर समझौता हुआ है। सरकार अब ईश निंदा के मामलों में धारा 295-सी के साथ आतंकवाद निरोधी अधिनियम की धारा भी लगाएगी। साथ ही ईश निंदा के मामलों का ट्रायल त्वरित गति से होगा। सरकार इंटरनेट मीडिया पर ईश निंदा से संबंधित कंटेट को भी फैलने से रोकेगी। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही सरकार टीएलपी की स्थिति के बारे में एक सार्वजनिक पत्र जारी करेगी। इस पत्र में टीएलपी के आतंकी संगठन न होने की सरकार घोषणा करेगी। उल्लेखनीय है कि टीएलपी को पूर्ववर्ती सरकार ने आतंकी संगठन घोषित किया था।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## ग्रीस बोट हादसे के बाद पाकिस्तान सरकार सख्त, अवैध तरीकों से यूरोप भेजने वाले 12 मानव तस्कर दबोचे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार लगातार मानव तस्करी पर शिकंजा कस रहा है। इसी को लेकर पाकिस्तान के अलग-अलग हिस्सों से करीब 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि संघीय सरकार ने हाल ही में हुई ग्रीस नौका त्रासदी को देखते हुए मानव तस्करों पर शिकंजा कसा हुआ है।

गौरतलब है, ग्रीस नौका त्रासदी पाकिस्तान के लोगों के लिए डरावनी घटना था। दरअसल, कुछ दिनों पहले ही यूरोप में अवैध रूप से प्रवेश करने के उद्देश्य से 750 लोगों से भरी नाव ग्रीस के समुद्र में डूब गई थी। इस घटना में मरने वाले लोग अधिकतर पाकिस्तानी थे। हालांकि, पीड़ितों की सही संख्या



फिलहाल सामने नहीं आई है। वहीं, पाकिस्तान के करीब 12 लोग जिंदा पाए गए थे।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मानव तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आदेश दिया और देश ने ग्रीस नौका त्रासदी के पीड़ितों के लिए एक दिन के शोक की घोषणा की। संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि उन्होंने पिछले शुक्रवार से कम से कम 12 संदिग्ध मानव तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक व्यक्ति कराची अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से दुबई के लिए उड़ान भरने की कोशिश कर रहा था। डीआईजी आलम शिनवारी ने कहा कि ये लोग मध्य पूर्व और अफ्रीका के रास्ते अवैध रूप से यूरोप में पाकिस्तानियों को लुभाने और तस्करी करने की कोशिश में शामिल हैं। और इनमें से कुछ पाकिस्तानियों को उस नाव पर भेजने में भी शामिल हैं, जो ग्रीस में डूब गई थी। प्रधानमंत्री ने जहाज के मलबे के तथ्यों की जांच के लिए एक चार सदस्यीय समिति का भी गठन किया है। साथ ही, मानव तस्करी में शामिल लोगों का पता लगाने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों (एलईए) को निर्देशित किया है। शिनवारी ने कहा कि जांच में इस बात की पुष्टि हुई है कि नाव पर पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के खुरईरत्ता और चरहोई के रहने वाले 21 पाकिस्तानी नागरिक थे।

एफआईए के एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चौधरी जुल्करनैन, तलत कियानी और खालिद मिर्जा जैसे हाई-प्रोफाइल नामों सहित कुछ पाकिस्तानी, जो यूरोप में मानव तस्करी में शामिल हैं।